

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 6 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-277 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 07 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जवानों की गाड़ी पर नक्सलियों का हमला, 7 जवान शहीद!

बीजापुर. नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर में जवानों से भरी गाड़ी को नक्सलियों ने निशाना बनाया है. माओवादियों ने ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट कर जवानों की गाड़ी को उड़ाया है. जिसमें 7 जवानों के शहीद होने की खबर है. वहीं कुछ जवानों के घायल होने की भी खबर है. बीजापुर के कुटरू मार्ग के बेदरे में नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है.

### रायपुर महापौर का कार्यकाल समाप्त

**रायपुर,6 जनवरी।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सोमवार को नगर पालिक निगम रायपुर में प्रशासक के तौर पर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि रायपुर नगर निगम की निर्वाचित परिषद का कार्यकाल 5 जनवरी को समाप्त हो गया है। राज्य सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार निर्वाचित परिषद का कार्यकाल समाप्त होते ही वहां प्रशासक पदभार ग्रहण कर लेंगे। इसी के तहत कलेक्टर ने आज निगम के प्रशासक के रुप में पदभार ग्रहण किया।

### जादू-टोना करने के आरोप में छत्तीसगढ़ के छह लोग मलकानगिरी में गिरफ्तार

**मलकानगिरी,6 जनवरी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में ओरकेल पुलिस सीमा के अंतर्गत चितापारी-4 गांव में धार्मिक समारोह की आड़ में जादू-टोना करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को छत्तीसगढ़ के छह लोगों को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय प्रशासन ने गांव में तीन दिवसीय धार्मिक समारोह की अनुमति दी थी। हालांकि, दूसरे दिन आरोपियों ने अनुष्ठान के नाम पर जादू-टोना किया। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए ओरकेल पुलिस ने एक विशेष टीम बनाई और मौके पर छापा मारा। आरोपी खाट पर जादू-टोना करते पाए गए। उन्होंने एक बुजुर्ग महिला पर भी डायन होने का आरोप लगाया और उसे गांव छोड़ने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने बुजुर्ग महिला को बचाया और छह जादूगरों को गिरफ्तार किया। खाट समेत जादू-टोने की रस्मों में इस्तेमाल की जाने वाली चीजें जब्त कर ली गईं। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली। सभी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

### दुर्लभ प्रजाति के 528 कछुए बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ,6 जनवरी।** इटावा जिले के चौविया क्षेत्र में तस्करी करके बांग्लादेश ले जाए जा रहे दुर्लभ प्रजाति के 500 से ज्यादा कछुए बरामद होने के बाद एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभागीय वन अधिकारी अतुल कांत शुक्ला ने रविवार को बताया कि वन विभाग और वन्य जीव अपराध नियंत्रण दल की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर चार-पांच जनवरी की दरम्यानी रात करीब तीन बजे चौविया थाना क्षेत्र के इटावा-बरेली राजमार्ग पर कर्री पुलिया पर एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक में बिजली के सामान के बीच छुपाकर रखी गयी 16 बोरियों में भरेसुंदरी प्रजाति के528 दुर्लभ कछुए बरामद किये गये।

### यूपी में कड़ाके की सर्दी

**प्रयागराज ,6 जनवरी।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश में इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। आने वाले दिनों में सर्दी के और भी बढ़ने की संभावना है। पिछले कई दिनों से चल रही सर्द हवाएं लोगों का कड़ा इम्तिहान ले रही हैं। ठंड ने लोगों की रातों की नींद उड़ा रखी है। तापमान इतना नीचे गिर गया है कि लोगों को प्रयागराज में लेह, लद्दाख, शिमला, मनाली की ठंड का एहसास होने लगा है।मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सर्दी के तरह जारी रहने की संभावना जताई है।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्या केस का मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर गिरफ्तार

**बीजापुर,6 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है. एसआईटी की टीम ने रविवार की देर रात मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया है. अब आरोपी को पुलिस हैदराबाद से बीजापुर लाएगी. आरोपी को से पुलिस पूछताछ करेगी। बीजापुर एसपी से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी को हैदराबाद से पकड़ा गया है और अब उससे पूछताछ की जाएगी। पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले में अब मुख्य आरोपी समेत चार की गिरफ्तारी हो चुकी है. इससे पहले पुलिस ने तीन संदेहियों को पकड़ा था. इनमें रितेश चन्द्रकार को रायपुर एयरपोर्ट से पकड़ा गया, वहीं अन्य संदेही सुपरवाइजर महेन्द्र रामटेके और दिनेश चन्द्राकर को बीजापुर से पकड़ा गया। बस्तर रेंज आईजी पी सुंदरराज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक जनवरी की रात के लगभग 8.30 बजे से मुकेश चंद्राकर के घर से लापता होने पर उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने बीजापुर कोतवाली थाना में 2 जनवरी के गुम इंसान दर्ज कराया था। बीजापुर पुलिस अधीक्षक ने एएसपी युलैंडन यार्क के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली बीजापुर निरीक्षक दुर्गेश शर्मा समेत अन्य अधिकारियों की तीन टीम का गठन गुम इंसान पतासाजी हेतु की गई.

जांच के दौरान पूछताछ के बाद संदेह में आए व्यक्तियों की ष्ष्ठक्र एवं लोकेशन लिये गये. मृतक के लास्ट लोकेशन के आधार पर 2 जनवरी को रात में ही चट्टान पारा स्थित ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार के बाड़ा के सभी रूम को खुलवाकर चेक किया गया. तकनीकी साक्ष्य एवं पूछताछ के



माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग-अलग जगहों पर खोजबीन की गई। 3 जनवरी को मुकेश चन्द्रकार के सकुशल पतासाजी के हरसंभव प्रयास किए गए. अनहोनी के आशंका को भापते हुए सुरेश चन्द्रकार के बाड़ा में बैडमिंटन कोर्ट में नये फ्लोरिंग हुए सेप्टिक टैंक को देखकर हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुऐ दोपहर लगभग 2.30 बजे तहसीलदार एवं एफएसएल टीम की मौजूदगी में नये फ्लोरिंग स्थान को जेसीबी की मदद से तोड़कर पुराने संरचना में से टैंक के ढक्कन को खोला गया। सेप्टिक टेंक का ढक्कन खोलने पर टेंक से एक पुरुष का शव दिखा जिसके हाथ में बने टेटू से शव का शिनाख्त गुम इंसान पत्रकार मुकेश चन्द्रकार के रूप में हुई. फॉरेंसिक टीम द्वारा शव पंचनाम के दौरान प्रथम दृष्ट्या से पाया गया मृतक की सिर, पीठ, पेट एवं सीने में कठोर एवं ठोस हथियार से वार कर किया गया था . शव पंचनामा के पश्चात 4 जनवरी को पोस्टमार्टम किया गया. प्रकरण में थाना बीजापुर में बीएनएस की धारा 103, 238, 61, 3(5) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसके पहले 3 जनवरी को संदेही को पकड़ने के लिए गठित एक टीम को रायपुर के लिए भेजा गया. घटना के संदेही रितेश चन्द्रकार को रायपुर एयरपोर्ट से पकड़ा गया एवं घटना के अन्य संदेही महेन्द्र रामटेके (सुपरवाईजर) एवं दिनेश चन्द्रकार को बीजापुर से पकड़ा गया.

### पीएम के बाद डॉक्टर का बयान, 12 साल में नहीं देखी ऐसी हत्या

**बीजापुर।** पत्रकार मुकेश हत्याकांड में बड़ा अपडेट सामने आया है. पीएम रिपोर्ट के बाद डॉक्टरों ने बड़ा बयान दिया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुकेश के शरीर में जख्म के कई निशान मिले हैं. लीवर के 4 टुकड़े, 5 पसलियां टूटी गई है. सिर में 15 फ्रैक्चर मिले हैं. हार्ट फटा हुआ और गर्दन टूटी मिली है. पीएम के बाद डॉक्टरों ने कहा कि उन्होंने अपने 12 वर्ष के करियर में ऐसी हत्या नही देखी है. वहीं मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर को SIT की टीम हैदराबाद से पकड़ कर बीजापुर लेकर आई है. जहां अब आरोपी से कड़ाई से मामले में विस्तृत पूछताछ की जाएगी. मामले में अबतक 4 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं. बीजापुर, SIT टीम के प्रभारी मंयक गुर्जर ने बताया कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या मामले में फरार आरोपी सुरेश चंद्राकर देर रात हैदराबाद में पकड़ा गया. साथ ही इस मामले में अबतक मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर के अलावा 3 आरोपियों की गिरफ़्तारी पहले की जा चुकी है. इसमें रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, और महेंद्र रामटेके शामिल है. मामले में विस्तृत पूछताछ की जा रही है.

# पुलिस भर्ती में भेदभाव पर फूटा अभ्यर्थियों का गुस्सा

**रायपुर,6 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पुलिस भर्ती का एक विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है कि अब दूसरा विवाद शुरू हो गया है. अबकी बार माना पुलिस कैंप में हो रही पुलिस भर्ती को लेकर विवाद है, जिसमें फिजिकल टेस्ट में भेदभाव का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी सड़क पर उतरकर विरोध जता रहे हैं. माना पुलिस कैंप में पुलिस विभाग में ड्राइवर के लिए हो रही भर्ती में शामिल होने के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थी आए हैं, उनका आरोप है कि एडमिट कार्ड होने के बावजूद सीट नहीं है कहकर उन्हें



शामिल नहीं किया जा रहा है. यही नहीं अभ्यर्थियों का आरोप है कि ओबीसी और जनरल का पद नहीं होने का हवाला देकर उन्हें भर्ती प्रक्रिया से वंचित किया जा रहा है. रही-सही कसर फिजिकल टेस्ट में भेदभाव कर पूरी की जा रही है. भर्ती में इस भेदभाव को लेकर अभ्यर्थी सड़क पर उतरकर विरोध कर रहे हैं.

# अबूझमाड़ में दो दिनों से रुक-रुककर फायरिंग जारी, 2 महिला समेत 5 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद

**नारायणपुर,6 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दंतेवाडा और नारायणपुर जिले की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. 4 जनवरी की शाम से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है. नक्सल विरोधी सर्च अभियान में चार जिले दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. जहां सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों का आमना सामना हो गया. इस मुठभेड़ में डीआरजी के प्रधान आरक्षक शहीद हो गए. वहीं जवानों ने 5 वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया. इसमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं. इसके अलावा मृत नक्सलियों में डीकेएसजेडसी पीएलजीए प्लाटून नंबर 32 के सीनियर कैडर शामिल,



जिनकी शिनाख्त की जा रही है. वहीं मौके से AK 47, SLR Rifle जैसे कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं. क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है.

# सराफा व्यापारी की घर में घुसकर हत्या जेवरात व गाड़ी लूटकर ले गए नकाबपोश

**कोरबा,6 जनवरी।** नगर के एसएस प्लाजा स्थित अमृता ज्वैलर्स के संचालक गोपाल राय सोनी की नकाबपोश लुटेरों ने घर मे घुसकर हत्या करने के बाद जेवरात और गाड़ी लूटकर फरार हो गए. घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है. जानकारी के अनुसार, सराफा व्यापारी के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित निवास में दो नकाबपोशों ने वारदात को अंजाम दिया है. घटना की सूचना मिलते हैं कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्कॉट को भी मौके पर बुलाया गया है. पुलिस ने घटना के मद्देनजर शहर के चौक चौराहा के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकेबंदी कर दी है. घटना की सूचना पर बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ.संजीव शुक्ला कोरबा



पहुंच गए हैं. घटना स्थल पर पहुंचने के बाद वे पूरे मामले से अवगत हुए. इसके साथ मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है. घटना के बाद जिस तरह से आईजी का दौरा कोरबा में हुआ है, उससे कहीं न कहीं पुलिस पर इस मामले को सुलझाने का बड़ा दबाव है.

# हाईस्पीड ट्रेन की बढ़ी मांग : मोदी

**नई दिल्ली,6 जनवरी।** पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही वर्चुअल तरीके से कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में न्यू जम्मू रेलवे डिवीजन, चारलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 की शुरुआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि मैंने कल दिल्ली NCR में नमो भारत ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। मोदी ने कहा कि हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक



परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दृश्यमान परिवर्तन आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी, रेलवे से रोजगार का निर्माण और उद्योगों को सपोर्ट शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार बढ़ावा दिया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी की यात्रा करना चाहते हैं, इसलिए हमने देश भर में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है।

# दिल्लीवालों को मोदी ने दिलाया भरोसा

**नई दिल्ली,6 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लोगों को आश्वासन दिया कि अगर विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आई तो कोई भी जन कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एक कदम आगे बढ़ेगी और योजनाओं के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। आप पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि दिल्ली चुनाव में अपनी हार को देखते हुए उन्होंने झूठ फैलाना शुरू कर दिया है कि अगर बीजेपी आएगी तो इसे रोक दिया जाएगा, उसे रोक दिया जाएगा। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं किया जाएगा। मोदी ने रोहिणी में परिवर्तन रैली में कहा कि मैं दिल्ली की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बीजेपी सरकार में जन कल्याण की कोई भी योजना बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जिन योजनाओं में आपदा लोगों ने लोगों का पैसा लूटा है, उन योजनाओं में भी ईमानदार लोगों को लगाकर पूरी ईमानदारी से चलाया जाएगा। चुनाव से पहले दिल्ली में यह मोदी का दूसरा राजनीतिक भाषण था, जहां उन्होंने आप पर बिना किसी रोक-टोक के हमला जारी रखा और दोहराया कि पार्टी दिल्ली के लिए आपदा है। यह शब्द उन्होंने शुक्रवार को अशोक विहार में अपने भाषण में गढ़ा था। आप सरकार वर्तमान में कई योजनाएं चला रही है, जिनमें मुफ्त 200 यूनिट बिजली, मुफ्त 20,000 लीटर पानी और डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा शामिल है। आप पदाधिकारी पहले भी दावा कर चुके हैं कि भाजपा इन मुफ्त सुविधाओं को खत्म कर देगी।

# प्रशांत किशोर को राहत, पटना सिविल कोर्ट से मिली जमानत

**पटना,6 जनवरी।** पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटों बाद, जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर को राज्य की राजधानी में चल रहे बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा विरोध के बीच सोमवार को जमानत दे दी गई। सिविल कोर्ट से जमानत मिल गई। किशोर पांच सूत्री मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे तभी पुलिस ने हस्तक्षेप किया और उन्हें वहां से हटा दिया और गिरफ्तार कर लिया। जन



सूरज की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस किशोर को जबरन अस्पताल ले गई। आरोप यह भी सामने आए कि पुलिस ने उन्हें थप्पड़ मारा और एक समर्थक ने अधिकारियों पर उनका चश्मा फेंकने का आरोप लगाया। घटना से संबंधित वीडियो भी ऑनलाइन प्रसारित हुए हैं। इससे पहले पटना डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने प्रशांत किशोर को लेकर बड़ा बयान दिया था। चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि गांधी मैदान के प्रतिबंधित क्षेत्र में गांधी प्रतिमा के सामने कुछ लोग अवैध रूप से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गांधी मैदान थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि बार-बार अनुरोध करने और पर्याप्त समय देने के बाद भी जगह खाली नहीं की गई बल्कि वे प्रतिबंधित क्षेत्र से नहीं हटे।

पटना डीएम ने बताया कि आज प्रशांत किशोर के साथ 43 लोगों को हिरासत में लिया गया। 15 वाहन जब्त किये गये हैं। पहचान के बाद पता चला कि वहां 43 में से 30 लोग छात्र नहीं थे। उन्होंने कहा कि उनमें से कुछ छात्र होने का दावा कर रहे हैं, हम इसकी पुष्टि कर रहे हैं। अगर किसी ने दोबारा यहां विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामला कोर्ट में भेज दिया गया है।

### रेलवे ने पेश की मानवता की मिसाल

**नई दिल्ली ,6 जनवरी।** एक दुर्लभ घटना में, एक यात्री को बचाने के लिए एक ट्रेन को लगभग एक किलोमीटर पीछे चलाना पड़ा। यह घटना महाराष्ट्र में हुई, जहां तपोवन एक्सप्रेस के एक कोच से गिर गए एक यात्री को बचाने के लिए ट्रेन को रिवर्स में चलाया गया। हालांकि, दुखद रूप से, घायल यात्री को बचाया नहीं जा सका और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।शनिवार सुबह करीब 11 बजे, जब ट्रेन मनमाड जंक्शन पहुंची, तो एक यात्री, सरवर शेख (30 वर्ष, उत्तर प्रदेश) कोच से गिर गया। इस घटना के बाद, ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचित किया। लोको पायलट ने नियंत्रण कक्ष से अनुमति लेकर ट्रेन को रिवर्स में चलाया और घायल यात्री तक पहुंचा।

# पीएम मोदी, अमित शाह और खड़गे समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया

**नई दिल्ली ,6 जनवरी।** सिख धर्म के 10वें गुरु, महान योद्धा गुरु गोबिंद सिंह जी का सोमवार को प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन करता हूं। उनके विचार हमें एक प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं, अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दशम गुरु सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उनका स्मरण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। संस्कृति, स्वधर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी कट्टरपंथी आक्रांताओं के सामने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। त्याग, वीरता और समर्पण का प्रतीक उनका जीवन अनंतकाल तक सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा।

जेपी नड्डा ने कहा, सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। महान संत, सिख समाज के दशम गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन मानवता व वीरता की मिसाल है। उन्होंने अपने मानवता के संदेश से सिख धर्मावलंबियों के साथ पूरे समाज को नई राह दिखाई। उनके अद्वितीय साहस, सत्य और सेवा के आदर्श युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक पोस्ट कहा, सरबंस दानी, साहिब-ए-कमाल व सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक, धन धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

# भारत तक आ चुका HMPV वायरस, जवानों पर भी खतरा

नई दिल्ली,6 जनवरी। चीन में कोरोना वायरस के बाद HMPV के केसों में तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत में भी अब तक तीन केस इसके पाए गए हैं। इनमें से दो बेंगलुरु शहर में हैं, जहां दो नवजात बच्चे पीड़ित पाए गए। इनमें से एक 3 महीने की बच्ची उबर गई है, जबकि 8 माह के एक बच्चे का फिलहाल इलाज चल रहा है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इस वायरस से चिंतित होने की कोई बात नहीं है और फिलहाल नजर रखी जा रही है। इस बीच पूरी दुनिया में ही चीन से फैले इस वायरस को लेकर अलर्ट की स्थिति है। 2020 में ही आए कोरोना की मार कई सालों तक झेलने वाली दुनिया एक बार फिर से महामारी के मुहाने पर न आ जाए, इसे लेकर सभी जगह खौफ है और लोग जानना चाहते हैं कि आखिर यह HMPV वायरस कितना खतरनाक है। ऑस्ट्रेलिया के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट से जुड़े डॉ. जैकलीन स्टीफंस का कहना है कि यह वायरस बच्चों को ज्यादा प्रभावित करता है। खासतौर पर ऐसे बच्चे जो खांसी, जुकाम और निमोनिया जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। वह कहते हैं कि इसके संक्रमण से बचने के लिए भी कोरोना जैसी सावधानियां जरूरी हैं। बस अंतर यह है कि कोरोना वायरस बच्चों को ज्यादा शिकार नहीं बनाता था, लेकिन यह वायरस छोटे बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा चपेट में लेता है। चीन में इससे पीड़ित लोगों की बड़ी संख्या अस्पतालों में पहुंच



रही है और यही कारण है कि दुनिया भर में कोरोना जैसी महामारी का डर है। हालांकि चीनी विदेश मंत्री माओ निंग ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि चिंता की बात नहीं है। सांस से संबंधित बीमारियां अकसर सर्दियों के दिन में बढ़ जाती हैं। हालांकि एक राहत की बात है कि यह वायरस उतना जानलेवा नहीं है, जितना कोरोना था। डॉ. स्टीफंस का कहना है कि HMPV वायरस के लक्षण सर्दी और बुखार जैसे होते हैं। सामान्य तौर पर कहें तो यह कॉमन कोल्ड जैसा होता है। स्टीफंस का कहना है कि HMPV वायरस से अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन डरने जैसी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ित मरीजों को कुछ समय रेस्ट करना चाहिए और उससे उन्हें आराम मिलेगा। वह कहते हैं कि इससे ऐसे लोग ज्यादा पीड़ित हो सकते हैं, जिन्हें पहले से ही सांस संबंधी कोई बीमारी हो। इसके अलावा ऐसे युवा लोग भी प्रभावित हो सकते हैं, जिनकी इम्युनिटी कमजोर हो।

वहीं ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों को यह आसानी से चपेट में ले सकता है। ब्रोंकाइटिस सीने में संक्रमण का ही एक प्रकार है, जो कई बार कमजोर इम्युनिटी के चलते होती है। जानकारों का कहना है कि इस बीमारी का फिलहाल कोई टीका नहीं है। ऐसे में इससे अलर्ट रहना जरूरी है। छोटे बच्चे ज्यादा चपेट में आ सकते हैं और उन्हें पाबंदियों के बारे में समझाना भी कठिन है। इसलिए जरूरी है कि घर के बड़े ही सावधानी बरतें और सोशल डिस्टैंसिंग के नियमों का पालन किया जाए। हालांकि एम्स के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया का कहना है कि इससे डरने की जरूरत नहीं है। HMPV वायरस पहली बार 2001 में पाया गया था। तब से ही यह चल रहा है, लेकिन यह कोरोना जितना खतरनाक नहीं है।

हेल्थ मिनिस्ट्री का कहना है कि हम इसके मामलों पर नजर रख रहे हैं। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बेंगलुरु में पीड़ित पाए गए दोनों बच्चों के पैरेंट्स या परिवार से कोई भी अन्य सदस्य देश से बाहर नहीं गया था। सरकार का कहना है कि इन मामलों पर ICMR ने नजर बनाए रखी है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी लगातार अपडेट्स मिल रहे हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने दो वर्ष पूर्व हुई हत्या की गुत्थी सुलझाई



**भिलाई, 6 जनवरी।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के 2 वर्ष पूर्व हुए हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है हत्या कारण पैसो का लेनदेन बना है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 6 मार्च 2022 को मृतक वरूण कुमार श्रेय अपने दोस्त कालिया के साथ जो साथ में पेंटिंग का काम करते थे। शराब पीने के लिये कचरा भट्टी जवाहर नगर गये हुये थे जो दुसरे दिन 7 मार्च को सूचना पर 108 के द्वारा जवाहर नगर शराब भट्टी के पास से एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु होने की जानकारी पर 108 द्वारा सुपेला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का होने से मर्ग पंचनामा कार्यवाही वैशाली नगर द्वारा किया गया। अज्ञात व्यक्ति के संबंध में जानकारी पतासाजी हेतु जरिये व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से अज्ञात मृतक व्यक्ति का फोटो वायरल किया गया, जिसमें मृतक की पहचान उसकी पत्नि संतोषी द्वारा पति वरूण कुमार श्रेय पिता ध्रूव सिंह कंवर (37 साल) निवासी रामनगर मुक्तिधाम शीतला मंदिर के पास थाना वैसाली नगर के रूप में हुई गंभीरता से जांच करने के आदेश पर मर्ग जाँच से 4 जनवरी 2025 मामले में धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पता चला की मृतक का दोस्त कालिया उर्फ अरथ नेताम मृतक के साथ अंतिम बार शराब पीने गया था संदेही कालिया उर्फ अरथ नेताम हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।पूछताछ से पता चला कि मृतक व संदेही दोनो पेशे से पेंटिंग का काम करते थे।पेंटिंग के पैसे का लेन-देन को लेकर दोनो में विवाद हुआ था।आरोपी द्वारा मृतक को अत्यधिक मात्रा में शराब पिलाकर पंच एवं लकड़ी के डंडे से मारना बताया है क्योकि आरोपी एक श्रेष्ठ नेशनल बक्सर है मामले की गंभीरता को देखते हुये घटना का सीन रिक्रीयेषन एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य एकत्र किया गया आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया ।

### छात्र ने खुदकुशी की

**भिलाई, 6 जनवरी।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र पॉलिटेक्निक कॉलेज छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली इस घटना के बाद से मृतक के भाई-बहन और माता-पिता सदमे में हैं फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 आदर्श पारा सुपेला निवासी लवकुश पाण्डेय शनिवार शाम 6 बजे घर में बैठा था इसके बाद खाना खाकर घर के पीछे की तरफ गया थोड़ी देर बाद लवकुश की मां कुसुम घर के पीछे बोर चालू करने के लिए गई। वहां उन्होंने देखा कि परछी में लवकुश की लाश फांसी पर लटक रही है मां ने शोर मचाया तो घर के बाकी लोग तुरंत पहुंचे उन्होंने देखा कि रस्सी के जरिए फंदा बनाकर उसने फांसी लगा ली है इसके बाद उन लोगों ने सुपेला पुलिस को फोन किया सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया इसके बाद उसे पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मरचुरी में भेजा पुलिस ने बताया कि लवकुश घर में सबसे छोटा था उससे बड़ा उसका एक भाई मनीष बीटेक कर रहा है और बहन है उसके पिता सुनील पाण्डेय ड्राइवर का काम करते हैं मां हाउस वाइफ है लवकुश के मामा का कहना है कि उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं था घटना की शाम भी वह खुश था और घर में सबसे अच्छे से बात किया।

### हाइवा की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**भिलाई, 6 जनवरी।** दुर्ग ग्राम चिरपोटी में मड़ई मेला देखकर गृह ग्राम मचांदुर लौट रहे 21 वर्षीय अमन निषाद को तेज रफ्तार हाईवा ने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर मौत हो गई मचांदुर चौकी पुलिस ने आरोपित हाईवा चालक के खिलाफ प्राथमिकी कर जांच शुरू की है अमन मड़ई मेला घूमने गया था वहां से रात पौने एक बजे बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में पठानपारा मेन रोड मचांदुर के पास हाईवा सीजी 19 एच 1376 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। रात में मचांदुर निवासी राहुल यदु दोस्त वरुण ढीमर के साथ पठानपारा मेन रोड़ के पास ही खड़ा था उसने हादसा होते हुए देखा और पुलिस को जानकारी दी।

### धान की खरीदी 4,08,202.80 मी. टन हुई

**दुर्ग, 6 जनवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 85023 किसानों से 4,08,202.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। धान उठाव के लिए 3,48,751.84 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है। अब तक 1,85,929.31 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

### वक्ता मंच का वार्षिक समारोह आयोजित

**रायपुर।** अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच के वार्षिक समारोह के अवसर पर आज राजधानी के वृंदावन सभागृह में एक भव्य व गरिमापूर्ण आयोजन संपन्न हुआ द्य इसमें 80 नवोदित छात्र -युवा चेहरों तथा 45 स्थापित व्यक्तित्वों सहित 125 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया । रंगारंग आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पुस्तकों के विमोचन सहित वर्ष के भाग्यशाली व्यक्ति हेतु लकी ड्रा एवं सदस्यों के जन्मदिन को उत्सवित किये जाने जैसे इवेंट्स ने आयोजन को यादगार बना दिया द्य समारोह में अतिथि की आसंदी को डॉ संजय अलंग, टी के भोई, एम एल नत्थानी, अनिता गुरूपंच राजकुमार धर द्विवेदी, डॉ सत्यजीत साहू एवं विनोद ओमप्रकाश गोयल ने सुशोभित किया द्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि तरुणाई ही देश को नई दिशा देगी । छात्र -युवा पीढी के मध्य वक्ता मंच का दिशासूचक कार्य भविष्य की आशा को सृजित करने में अहम योगदान दे रहा है ।

# बीजेपी और कांग्रेस से नपा अध्यक्ष के लिए कई दावेदारों की नगर में खूब हो रही चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,6 जनवरी।** कवर्धा नगरपालिका अध्यक्ष का आरक्षण सात जनवरी को आयेगा लेकिन कवर्धा से बीजेपी में अध्यक्ष से ओबीसी वर्ग से मनहरण कौशिक , चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , पवन जायसवाल और ओबीसी महिला वर्ग होने पर श्रीमती देव कुमारी चंद्रवंशी , श्रीमती मनीषा अनिल शाहू , श्रीमती मधु चंद्रवंशी और कांग्रेस से श्रीमती गंगोत्री योगी एवं सामान्य से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सलूजा , आर्थिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अतुल देशलहरे , पूर्व नेता प्रति पक्ष उमंग पांडेय , कवर्धा शहर मंडल उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय , पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता , जिला कोषाध्यक्ष रूपेश जैन, आर्थिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अतुल देशलहरे ओबीसी वर्ग से कांग्रेस से ओबीसी वर्ग से संतोष नामदेव , बलदाऊ चंद्रवंशी , जमील खान , इंजीनियर राकेश तंबोली , संतोष यादव ओर सामान्य वर्ग से राजकुमार तिवारी मोहित माहेश्वरी और अशोक सिंह ठाकुर के नाम को लेकर चर्चा खूब हो हो रही है । बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अधिकार है लेकिन पार्टी ईमानदार ओर निष्ठावान और जिताऊ कार्यकर्ता को टिकट देगी । पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसे सभी भाजपा कार्यकता मिलकर जिताएंगे । कांग्रेस से जिलाध्यक्ष होरी राम साहू ने कहा की कांग्रेस निष्ठावान और ईमानदार कार्यकर्ता को पार्टी टिकट देगी । होटल हो या पान दुकान ! जहां भी चर्चा होती हुई दिख रही है की आखिर कौन लड़ेगा चुनाव । ज्यादा नाम होने के कारण कांग्रेस ओर बीजेपी भारी मंथन के बाद टिकट डिक्लेयर करेगी ऐसी चर्चा है ।



### भाजपा के जिला अध्यक्ष को बंछोर ने दी बधाई

**जामुल।** बीजेपी के भिलाई जिला अध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम देवांगन को मनोनीत किये जाने के बाद जामुल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी।

# डॉक्टर ऑफ द ईयर से अजय गुप्ता का आईएमए ने किया सम्मान

**भिलाई, 6 जनवरी।** विगत दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जिसमें डॉ अजय गुप्ता को डॉ ऑफ़ द ईयर से सम्मानित किया गया । डॉ गुप्ता 34 वर्ष से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य हैं वे तीन बार आईएमए सह सचिव रह चुके हैं व पिछले साल वाइस प्रेसिडेंट रह चुके हैं व कई वर्षों तक कार्यकारी सदस्य रह चुके हैं । ज्ञात हो की डॉ गुप्ता 35 वर्षों से चर्म रोग व गुप्त रोग की प्रैक्टिस रेलवे स्टेशन चौक के पास दुर्ग में प्राइवेट अस्पताल चला रहे हैं । उनकी 14 पुस्तक प्रकाशित हो चुकी हैं जो कि निशुल्क उपलब्ध है ।अब तक 2 लाख से ज़्यादा लोगों ने वेबसाइट पर विजिट किया है। खूबसूरत कैसे बने उनकी प्रचलित किताब है, उनकी पुस्तक एड्स क्यों और कैसे को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होंने सेक्टर-9 अस्पताल में चर्म रोग व गुप्त रोग विभाग में एचएमओ के पद पर भी कार्य किया है। वे पूर्व में भी, निःशुल्क चिकित्सा कैम्प में भाग लेने के कारण उन्हें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्होंने आसपास के कई स्कूल और कॉलेज में चिकित्सा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत लेक्चर दिया है। इच्छा-मृत्यु पर उनकी नई पुस्तक शीघ्र प्रकाशित होने वाली है । इस पुरस्कार के लिए कई डॉक्टर्स व सामाजिक संस्थाओं ने डॉ गुप्ता को बधाई दी है ।






### बच्चों को राजयोग मेडिटेशन का कराया जा रहा अभ्यास

**भिलाई, 6 जनवरी।** शिक्षा नगरी भिलाई में लगभग सभी कक्षाओं के वार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी आ चुकी है। अभिभावक और शिक्षक गण तो बच्चों को परीक्षा की तैयारियां करा रहे हैं लेकिन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ब्रह्माकुमारी दीदियां बच्चों को परीक्षा के दबाव को कम कर एकाग्रता के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करा कर परीक्षा के दौरान मन को शांत और एकाग्र करने के टिप्स बता रही हैं। हर संडे को प्रातः लगने वाले डिवाइन ग्रुप की क्लास में बच्चों को ब्रह्माकुमारी पूजा और मयंक दीदी ने बताया कि आप बच्चे अर्जुन की तरह एकाग्रता की शक्ति को धारण कर लक्ष्य की प्राप्ति करने वाले चमकते सितारे हो। माता पिता और टीचर्स की बात हमेशा माने। पेरेंट्स से कभी भी कुछ न छिपाएं। ज्ञात हो कि स्कूल खुल जाने के बाद बच्चों की क्लासेस डिवाइन ग्रुप में हर रविवार को प्रातः 9 से 11 बजे तक विगत 20 वर्षों से भी अधिक समय से चल रहा है। जिसमें उनका डिवाइन ग्रुप का आई डी कार्ड भी बनता है। डिवाइन ग्रुप के बच्चे आज वर्तमान में उच्च शिक्षा ग्रहण कर एवं विभिन्न सेक्टरों में मानवीय नैतिक मूल्यों के साथ जॉब भी कर रहे है। हर रविवार को होने वाले डिवाइन ग्रुप की मेडिटेशन क्लासेस में नए बच्चे भी शामिल हो सकते हैं।

# यातायात विभाग केअधिकारी ने हेलमेट जागरूकता का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 जनवरी।** यातायात विभाग में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक के एस यादव ने दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का संदेश देते हुए समझाइश दी की हेलमेट अवश्य पहने और गाड़ी कागजात हमेशा साथ में रखे ओर धीमी गति में चलाए । जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह दिशा निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर और यातायात प्रभारी प्रवीण खलको के मार्गदर्शन में ओवर लोड गाड़ियों ओर तेज गति से वाहन चालकों ओर बिना कागजात के चलने वाली गाड़ियों की भी चेकिंग के साथ



हेलमेट जागरूकता का संदेश देते हुए सहायक उप निरीक्षक के एस यादव सुबह से सक्रिय दिखे ।

# प्रधानपाठक ने वार्षिकोत्सव व पुरस्कार सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्रों को किया पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,6 जनवरी।** मचान्दुर हायर सेकन्डरी स्कूल में 04जनवरी 2025 को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार सम्मान समारोह कार्यक्रम पर प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू ने अपने वेतन से लगातार पिछले चार-पांच वर्षों की भांति इस वर्ष भी कक्षा 8वीं से पुष्पांजली साहू (प्रथम) कल्पना चन्द्राकर (द्वितीय) 10वीं योगराज साहू( प्रथम )तिलेश साहू (द्वितीय)12वीं रेणुका कोसरे (प्रथम) करूणा पटेल (द्वितीय) प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1001रू.एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 701रू.राशि के साथ स्मृति पत्र भेंट कर पुरस्कृत करते हुए कहा जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो ब्रह्म मुहूर्त में उठने का आदत बनाना ,दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होने के बाद पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय बचाना,कड़ी मेहनत कर विद्याग्रहण करना, अपने से बड़ों का सम्मान करना, अनुशासित हो कर नैतिकता का पालन करते रहना आवश्यक है। बच्चों के प्रति प्रेम एवं स्नेह रखते हुए उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करने जैसे भाव प्रकट हुए उनके सर्वांगीण विकास की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ बच्चों को सम्मानित किया । माननीय सांसद महोदय विजय बघेल ने कहा शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गतिविधियों में भाग लेनेवाले बच्चों को पुरस्कृत करना उनके मनोबल को बढ़ाना होता है।जोकि बच्चों के विकास में सहायक होता है। माननीय विधायक महोदय ललित चन्द्राकर ने बच्चों के अंदर बहुत सी प्रतिभाएं छुपी हुई होती है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो खेल,योग, कला संस्कृति आदि के क्षेत्र में हो समय-समय पर उन्हें उनके प्रतिभा का सम्मान मिलते रहना चाहिए कहते हुए संबोधित किया। जो अनेक उपलब्धियां हासिल करने वाले स्वयं प्रतिभा के धनी उ शिक्षा ,साहित्य ,कवि , में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू जाने जाते है।



# कमिश्नर ने जारी किया जोन आयुक्तों का कार्य विभाजन आदेश

**भिलाई, 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी करते हुए अमरनाथ दुबे की पदस्थापना नगर पालिक निगम भिलाई में जोन आयुक्त के पद पर की गई है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शासन से प्राप्त आदेश के परिपालन में जोन आयुक्तो के कार्यो का विभाजन कर दायित्व सौंपा गया है। जिससे निगम भिलाई क्षेत्र में कराये जा रहे विकास/निर्माण कार्यो के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से परिपालन किया जा सके। जिससे इसका लाभ सीधे जनता को मिले।अधिकारी जिनके कार्यो का विभाजन किया गया है जो इस प्रकार से जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक-02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक-03 मदर टेरेसा नगर में सतीश यादव, जोन क्रमांक-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में अमरनाथ दुबे एवं जोन क्रमांक-05 सेक्टर 06 में कुलदीप गुप्ता को जोन आयुक्त के कार्य का दायित्व सौंपा गया है। जो अपने-अपने क्षेत्रों में दिये गये दायित्वों का निर्वहन करेगें।

# कार्यशाला में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी



**दुर्ग, 6 जनवरी।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर नगर पालिक निगम के स्व.मोतीलाल वोरा सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल,कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,सी.एस.पी.पी.सी.एल आरके दानी,आरके जैन,वीपी मिश्रा, भवन अधिकारी गिरीश दिवान, अंजू देसाई,हरिशंकर साहू,विनोद मांझी,करण यादव,पंकज साहू,विकास दमाहे,प्रेरणा दुबे सहित अधिकारी उपस्थित रहे।ट्रेनर द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मितानिन व निगम कर्मचारियों की टीम गठित को ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। कार्यशाला में योजना के फायदे और क्रियान्वयन के तरीकों एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है।इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह शहर क्षेत्रो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा।कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा के महत्व और उसके प्रभावों पर प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। कार्यशाला में एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय नागरिकों ने अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया तथा विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया और उन्हें योजना के फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए, जहां सौर ऊर्जा के उपयोग से परिवारों ने अपनी बिजली की आवश्यकताओं को पूरा किया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य केवल बिजली प्रदान करना नहीं है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान देना भी है।कार्यशाला में यह भी बताया गया कि यह योजना न केवल ऊर्जा की कमी को दूर करने में मदद करेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर विकास को प्रोत्साहित भी करेगी।इसके माध्यम से नागरिकों को सस्ती, सुलभ और स्थायी बिजली की सुविधा मिलेगी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कि कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के पोर्टल या मोबाईल ऐप में जाकर पंजीयन कराएं और इस योजना के सभी लाभ उठाएं । मुझे विश्वास है कि यह योजना बिजली बिल हाफ नहीं बल्कि ÷बिजली बिल समाप्त% कर देगी। यानी आपको 3 किलोवॉट के सोलर प्लॉट पर 300 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलेगी । आप गर्व कर सकेंगे कि आप खुद बिजली के उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी । इसलिए आइये, अपने घर को पीएम सूर्य घर बनाने के लिये जल्दी से जल्दी पंजीयन कराइये।सूरज के किरपा पाबो,पीएम सूर्यघर योजना अपनाबो छत पर अपन बिजली बनाबो,तीन सौ यूनिट बिजली मुफ़्त पाबो,एक बार का निवेश और जीवन भर की बजटइस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, यह सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सहकारिता के क्षेत्र में एक लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध:साहू

**भिलाई, 6 जनवरी।** भारतीय श्रम सह. समिति के अध्यक्ष लखन लाल साहू ने बताया है कि प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर सुलभ कराने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केन्द्रीय सहकारी संस्था भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली (आईएलसी) एवं भारतीय गुणवत्ता परिषद नई दिल्ली को दी गई है। इस संदर्भ मे दुर्ग जिले के बाद राजधानी रायपुर स्थित केन्द्रीय सहकारी बैंक के सभागार में भारतीय श्रम सहकारी समिति एवं राज्य सहकारी समिति एवं राज्य सहकारी संघ के सहयोग से युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागी के अतिरिक्त गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। कई पालक अपने पुत्र- पुत्रियों के साथ पहुंचे थे। सभी ने नई दिल्ली से जारी ऑनलाइन प्रशिक्षण को देखा सुना विशेषकर प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं के लिए दी गई जानकारी की सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षित युवाओं को प्रदेश में 80 हजार एमएसएमई औद्योगिक, संस्थानों राइस मिलर्स एवं एमएसएमई से जुड़े एवं सहायता प्राप्त संस्थानों की जांच कर प्रति संस्थान 7 सौ रू. से लेकर 1500 रू. की कमाई कर सकते है। प्रशिक्षित युवाओं के लिए किसी भी क्षेत्र में ग्रेजुएट या आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखन लाल साहू ने बताया कि सहकारिता विभाग के क्रांतिकारी रोजगार देने वाले कई कार्यक्रम जगह जगह आयोजित किए जा रहे है जिससे कम से कम एक लाख युवाओं को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सुलभ कराने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दुग्ध डेयरी संघ रायपुर को राष्ट्रीय डेयरी का दर्जा देने की घोषणा कर चुके है जिससे पुरुष के साथ साथ महिलाओं को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम के से.नि. कृषि विज्ञान अधिकारी डॉ. के.के. साहू, सहकारी संस्था की सीईओ मंजुषा तिवारी ने भी संबोधित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईएलसी के राज्य समन्वयक नारायण बघेल, पंजीयक सहकारिता चंद्रवंशी, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, श्याम यादव, रघुनंदन सिन्हा, प्रथम श्रीवास्तव, प्रमोद राजू पटेल, अमित समदर,अंकित श्रीवास्तव, प्रशिक्षक पंकज डाबरे, अरूण सिंह, ललित सहित विभिन्न महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

# सरकार ने देवी स्वरूप माताओं-बहनों के लिए महतारी वंदन योजना लागू कर उन्हें सम्मान देने का किया है कार्य:मुख्यमंत्री

**रायपुर 6 जनवरी।** भारत की सनातन परंपरा एक उदार परम्परा है, जो सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सनातन परम्पराओं और संस्कारों से हम सभी को जोड़ने के लिए अनेक अभिनव प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्ष ही अयोध्या धाम में बने भव्य राम मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी जी ने श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा की। आज देश-दुनिया से बड़ी संख्या में लोग श्रीरामलला के दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं। हमारी सरकार श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के जरिए भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के लोगों को श्रीरामलला के दर्शन करा रही है। अब तक छत्तीसगढ़ से 20 हजार से अधिक लोगों ने योजना का लाभ उठाते हुए श्रीरामलला जी का दर्शन किया है। हमने राज्य की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए राजिम मेले का आयोजन पुनः उसके व्यापक स्वरूप में राजिम कुंभ कल्प के रूप में शुरू किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित राष्ट्र जागरण 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में



आमसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय के साथ गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश की सभ्यता है कि हम स्त्री को देवी का स्वरूप मानते हैं। हमारी सरकार ने देवी स्वरूप माताओं-बहनों के लिए महतारी वंदन योजना लागू कर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि गायत्री परिवार के सदस्यों ने वेदमाता गायत्री के 108 कुण्डीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया है और गायत्री महायज्ञ के माध्यम से समाज को धर्म, सद्कर्म से जोड़ने और सद्भाव बढ़ाने कमुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गायत्री परिवार के सदस्यों ने देश को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है, क्योंकि कोई भी देश तभी मजबूत हो सकता है, जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परम्पराओं में है। उन्होंने बताया कि हमारा परिवार कई दशकों से गायत्री परिवार के साथ जुड़ा हुआ है। गायत्री परिवार के सदस्य धर्म जागरण का कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश माता कौशिल्या की धरती है तथा भगवान श्रीराम जी का ननिहाल है। गायत्री महामंत्र वेदों का और हमारी सनातन परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह हमें सन्मार्ग की ओर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के उप कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि मनुष्य को जीवन एक स्वर्णिम अवसर के रूप में मिला है, जिसे अच्छे उद्देश्य में लगाना चाहिए। गायत्री परिवार इंसान के अंदर देवत्व की भावना को जगाने वाला परिवार है। यज्ञ हमें श्रेष्ठ कर्म की ओर प्रेरित करता है।

# कबड्डी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** समीपस्थ ग्राम पारीखुर्द में छत्र संघ क्रीड मंडल द्वारा 28 दिसंबर को एक दिवसीय रात्रिकालिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में कई नामी टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में बतौर अतिथि में रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा हुए। टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आज के समय में बच्चों व युवा पीढ़ी को आगे लाने व प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए जो इस तरह का आयोजन किया जाता है वह सराहनीय कदम है। जीवन में खेल का होना बहुत जरूरी है क्योंकि खेल जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कबड्डी खेल में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, वहीं आयोजन समिति को खेल स्पर्धा के लिए बधाई देता हूं। आयोजित रात्रिकालिन कबड्डी मैच रोमांचक से भरा रहा जहां खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षद मनीष साहू, सरपंच बुद्धेश्वर साहू, थानूराम साहू, हीरालाल साहू, डीलूराम साहू, भीनूराम साहू, ठाकुरराम निषाद, तोरणदास साहू, डागेश्वर निषाद, उज्जवल निषाद, तरूण निषाद, उमेश निषाद, विक्की, मनीष, दानेश्वर यादव, परवीन, गोपाल निषाद, ईश्वर निषाद, डीकू पटेल, पिंटू, हिरेन्द्र महार, नीलकमल, लखन पटेल, टिकेश्वर, नीरज, प्रहलाद, नीलकंठ, खिलेन्द्र, खिलेश्वर, धरम साहू, इंद्रकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### शहीद मुकेश कुमार शोरी मूर्ति स्थापना, लोकार्पण

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा शहीद मुकेश कुमार शोरी मूर्ति स्थापना



लोकार्पण कार्यक्रम 6 जनवरी को शोरी परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में न्योता भोजन प्रथामिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक छात्र छात्राओं शिक्षक न्योता भोजन 1 बजे तथा 2 बजे पुजा अर्चना किया जाएगा तथा 3 बजे स्कूल बच्चों द्वारा देश भक्ति रिकार्डिंग डांस प्रस्तुति किया जाएगा 4 बजे लोकार्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ अध्यक्षता मधुसूदन यादव पूर्व सांसद राजनांदगांव विशेष अतिथि रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य राजनांदगांव राकेश कुमार ठाकुर पूर्व सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच अतिथि में मूर्ति अनावरण किया जाएगा शाम 7 बजे भक्ति संगीत धरती के श्रृंगार भोथीपार कला वाले कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा यह जानकारी संजय शोरी ने दी।

### साहू समाज भवन का लोकार्पण सिवनीखुर्द में, पेटेश्री में भूमिपूजन भी

**डोंगरगांव 6 जनवरी।** डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के द्वारा पिछले कार्यकाल मे छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास



प्राधिकरण मद से साहू समाज के लिए राशि स्वीकृत किया गया था उसका निर्माण ग्राम सिवनी खुर्द मे पूर्ण हो चुका है, जिसका लोकार्पण व ग्राम पेटेश्री मे निर्मित होने वाले भवन का भूमिपूजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम मे डोंगरगांव डोंगरगांव विधायक मुख्य अतिथी होंगे, कार्यक्रम मे साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण पूर्व जिला महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष इन्द्रसेन साहू, परिक्षेत्रीय सचिव राजेश साहू ग्राम अध्यक्ष भागवत साहू सिवनी खुर्द, टीकम साहू बोदेला, रामबिलास साहू पेटेश्री आदि मौजूद रहेंगे। इसी दिन ग्राम पंचायत बोदेला के अंतर्गत अनेको विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया जाना है जिसमे यात्री प्रतीक्षालय, सतनाम चबूतरा, का लोकार्पण व शिवमंदिर चबूतरा, सीसी रोड आदि का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा, भुवाल साहू, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख आदि बतौर अतिथी सम्मलित होगे।

### एक्टिवा वाहन चुराने वाले को किया 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार



**राजनांगांव 6 जनवरी।** प्रार्थी आशा साहू पति खिलावन साहू उम्र 31 साल निवासी ग्राम रूवातला चौकी मोहारा के द्वारा दिनांक 04/01/2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाया कि दिनांक 02/01/2025 को भदौरिय चौक फ्लाई ओवर के निचे से इनकी होण्डा एक्टिवा मोटर साईकल को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी करके ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जिले के कप्तान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग द्वारा संज्ञान लेते हुए चोरी के आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरी0 सत्यनारायण देवागन द्वारा तत्काल आरोपीयो की पतासाजी हेतु टिम गठित कर घटना स्थ्ल पर लगे सीसी टीव्ही फुटेज के आधार पर संदेही आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था मुखबिर के द्वारा सूचना मिला कि चोरी हुए एक्टिवा को ईश्वर सौनक के द्वारा इस्तमाल कर रहा था, तथा गौरथ पथ रोड में विक्रय करने के लिए ग्राहक कि तलास कर रहा है, कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी ईश्वर को घेराबंदी कर चोरी हुए वाहन सहित हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो अपने साथी तरूण पटेल के साथ चोरी करना बताया गया जिसकी मेमोरेण्डम कथन दर्ज किया गया, जिसमें के द्वारा अपने 6 माह पूर्व भदौरिया चौक के पास से हि सुजकी मोटर साईकल ग्रे कलर कि क्रमांक छ्त्त-08-ह्ष्ट-2178 को भी चोरी करना तथा मुनेश्वर गोयल उर्फ छोटू के पास 5,000/- रूप्ये में बेचना स्वीकार किया गया, विवेचना के दौरान भुनेश्वर गोयल उर्फ छोटू के कब्जे से सुजकी मोटर साईकल ग्रे कलर को जप्त कर आरोपीगण को विधिवत गिर0 कर माननीय न्यायालय मे न्यायिक रिमांड मे भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन , सउनि डेजलाल मांडले , आर0 प्रवीण मेश्राम आर0 मोहसीन खान की भूमिका सराहनीय रही।

### मुख्यमंत्री साय ने ऑटोएक्सपो-2025 के पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड में रायपुर आटोमोबाईल डिलर्स एसोसियेशन के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान 15 जनवरी से 15 फरवरी तक राजधानी रायपुर के साइंस कालेज ग्राउण्ड में आयोजित ऑटो एक्सपो 2025 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल एवं रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे। एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन एवं प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को ऑटोएक्सपो 2025 के उद्घाटन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए एसोसिएशन के सदस्यों को धन्यवाद दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री भसीन ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि इस एक्सपो में छत्तीसगढ़ के प्रमुख ऑटोमोबाइल व्यवसायी भाग लेंगे।

# बचपन की यादें कार्यक्रम को कलेक्टर व आयुक्त ने सराहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** शहर में नागरिक संगठन कुछ न कुछ नवाचार करते हुए लोगों के बीच के बीच चर्चा में बने हुए हैं। इसी कड़ी में बचपन की यादें कार्यक्रम नागरिकों के बीच में प्रशंसा बटोर रहा है। यह कार्यक्रम आज रविवार को तब और चर्चित हो गया जब इस कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने शिरकत की उन्होंने इस तरह की आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बड़ों को जहां अपनी बचपन के खेलकूद की यादें आने लगी है वही इस आयोजन में फिजिकल तौर पर और भौतिक तौर पर फिर से बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं यह आयोजन बड़ों और बच्चों के बीच की दूरियां खत्म कर रहा है। इस तरह का आयोजन के लिए उन्होंने आयोजको की प्रशंसा की है।



बचपन की यादें कार्यक्रम अब हर रविवार को चौपाटी में सुबह 7ः00 से 8ः00 बजे तक हुआ करेगी। इसी कड़ी में आयोजक इस आयोजन के लिए चौपाटी में अनुमति देने से देने पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा व प्रशासक संजय अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। आयोजकों ने बताया कि बचपन की यादें कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और इस कार्यक्रम का लुफ्त भी उठा रहे हैं उक्त कार्यक्रम में दौड़ रस्सी कूद वॉलीबॉल भंवरा चलाना बाटी खेलना आदि आदि विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन यहां पर किया जाता है जिसमें जीतने वाले को उचित इनाम हर रविवार को कार्यक्रम में दिया जाता है जिससे खेल और खेलने वाले लोग और रोमांचित हो जाते हैं जिसको लेकर बड़ी संख्या में लोग चौपाटी हर रविवार को पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मनोज डागा, संजय तेजवानी, राजा मखीजा, अमित खंडेलवाल, डीडी वैष्णव, शुभम उपाध्याय, मुकेश देवांगन संजू नाहटा अंश मेश्राम, स्वर्ण रामटेके मुस्कान देवांगन, चैतन्य देवांगन, वंदू प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## विश्व मैत्री संदेश के साथ सामायिक आयोजन

**रायपुर 6 जनवरी।** जैन तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी के कुशल मार्गदर्शन में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से विश्व मैत्री के संदेश को लेकर पूरे भारत ही नहीं अपितु विदेश की



धरा पर भी एक समय, एक साथ, एक संदेश, एक सामायिक को लेकर अभिनव सामायिक का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि रायपुर स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में भी इसका आयोजन तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा उपासिका श्रीमती ज्योति डागा व श्रीमती सरोज कोठारी की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। जिसमें विशेष सहयोग श्री अनूप चंद हेमंत कुमार जी भटेरा का प्राप्त हुआ। सामायिक समता का भाव जागृत करने का सशक्त माध्यम है। सामायिक धारण किया व्यक्ति साधु जीवन का अनुभव कर सकता है। आयोजन में विशेष रूप से गौतम गोलछा, वीरेंद्र डागा, अभय गोलछा, संजय सिंघी, निकुंज साचला, संजय जैन, कलश नाहर, निर्मल गांधी, गौरव दुगड़, गणेश संखलेचा, रिशव जैन, ऋषभ बोथरा, विनय गुलगुलिया, मुकेश समदरिया, प्रिंस गुलगुलिया उपस्थित हुए।

## समाचार संक्षेप

### एबीवीपी की शोभायात्रा का इरफान के नेतृत्व में शानदार इस्तेकबाल किया गया




**राजनांदगांव 6 जनवरी।** भाजपा के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों में से एक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का प्रांतीय अधिवेशन राजनांदगांव में यादगार रहा। इस अधिवेशन के अंतिम दिन विराट शोभा यात्रा निकाली जिसमें भारतीय वेशभूषा और भारतीय संस्कृति की झलक से नगर वासी गौरवान्वित हो उठे। यह शोभायात्रा में हजारों सदस्य पदाधिकारी शामिल हुए और बाजे गजे की धुन पर कई तो थिरकते नजर आए। स्वागत के लिए कई नागरिक संगठनों ने पहले से ही व्यवस्था कर ली थी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा भी जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में गुड़ाखू लाइन में स्टाल लगाकर शानदार स्वागत किया गया। भाजपा अल्पसंखक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख और उनकी टीम ने किया एबीवीपी के जुलूस का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 57 वें प्रांत अधिवेशन के अवसर पर आज एबीवीपी द्वारा निकले गए जुलूस का जिला अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा गुड़ाखू लाइन में स्टाल लगाकर पुष्पवर्षा कर मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसमे भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री कोमल सिंह राजपूत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री नीलू शर्मा सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष श्री इरफ़ान शेख, जिला महामंत्री ज़हीर अब्बास, जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसफ , असलम ख़ान , अख़्तर अली , मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर , सलीम कुरैशी , बजरंगदल के सदस्य भाई हेमंत राजपूत , गोपाल नायक , आसिफ़ शेख , भाई धीरज हंसा, संजू भाई , तबरेज ख़ान , मुस्ताक ख़ान , भूरू बड़गुजर , बबलू साहू सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिले भर में एमसीपी लगाकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**राजनांदगांव 6 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 05/01/2025 को रात्रि 08 से 12 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के विरूद्ध थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 03 प्रकरण में 1100/-रूपये, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 5200/-रूपये, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 04 प्रकरण में 1200/-रूपये, एवं सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 03 प्रकरण में 900/-रूपये व यातायात पुलिस द्वारा 30 प्रकरणों में 43,400/-रूपये कुल 42 प्रकरणों में 42 वाहन चालकों से 51,800/- रुपये की चालानी कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### श्री श्याम सत्संग महिला मंडल ने आवासीय बाल आश्रम के बच्चों को बांटे कपड़े, स्वेटर व कंबल

**रायपुर 6 जनवरी।** श्री श्याम सत्संग महिला मंडल ने रविवार को नववर्ष मनाते हुए अग्रसेन चौक स्थित गणेश मंदिर में भजन कीर्तन कर आरती पश्चात्य राहगीरों को प्रसाद के रुप में खीर का वितरण किया। इसके बाद मंडल के सदस्य रामसागर पारा स्थित आवासीय बाल आश्रम पहुंचे जहा बच्चों को कपड़े, स्वेटर व कंबल बांटे। इस अवसर पर अध्यक्ष संगीता सरावगी, राज श्री, प्रचार प्रसार मंत्र ज्योति अग्रवाल, बॉबी जैन, आशा अग्रवाल, सरिता गर्ग, राधा, मंजू अग्रवाल, मधु केडिया, स्वेता, मीना, अंशु, सपना, सरिता जैन, बबिता अग्रवाल, अर्चना, पूजा शर्मा, रूपल उपस्थित थी। प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा रामसागर पारा स्थित आवासीय बाल आश्रम में उपस्थित बच्चों के साथ नववर्ष के उपलक्ष्य में पिकनिक मनाया।

# पार्षद शरद सिन्हा के नेतृत्व में एबीवीपी की शोभायात्रा का स्वागत किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** भाजपा के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों में से एक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का प्रांतीय अधिवेशन राजनांदगांव में यादगार रहा। इस अधिवेशन के अंतिम दिन विराट शोभायात्रा निकाली जिसमें भारतीय वेशभूषा और भारतीय संस्कृति की झलक से नगर वासी गौरवान्वित हो उठे। यह शोभायात्रा में हजारों सदस्य पदाधिकारी शामिल हुए और बाजे गजे की धुन पर कई तो थिरकते नजर आए। स्वागत के लिए कई नागरिक संगठनों ने पहले से ही व्यवस्था कर ली थी। इसी कड़ी में पार्षद शरद सिन्हा और साइंस कॉलेज के अध्यक्ष रवि सिन्हा के नेतृत्व में गुरुद्वारा रोड के समीप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में संस्कारधानी राजनांदगांव में पधारे समस्त छात्र शक्ति का हार्दिक अभिनंदन के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शरद सिन्हा पार्षद, रवि सिन्हा साइस कालेज अध्यक्ष, दीपक सिन्हा प्रदेश संरक्षक, रमेश सोनवानी ओबीसी मोर्चा, नाथूराम सिन्हा, मंडलेश्वर शहर, हिमांशु सिन्हा, पहलाद सिन्हा, मारुति सिन्हा, बंसी लाल सिन्हा, राधेलाल सिन्हा, आसाराम सिन्हा, विजय सिन्हा, अमन सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा पूर्व मंडलेश्वर, एवं अन्य सिन्हा साथी उपस्थित थे।



# पत्रकार मुकेश चंद्राकर को प्रेस क्लब छुरिया ने दी श्रद्धांजलि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 6 जनवरी।** पिछले दिनों बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर दी गई इस घटना की कडी निंदा करतें हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। प्रेस क्लब छुरिया के पत्रकारो ने मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ ही श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को फांसी देने की मांग के अलावा उनके परिवार को शासन द्वारा एक करोड़ मुआवजा राशि देने की मांग करते हुए छत्तीसगढ़ में लगातार पत्रकारों के ऊपर झूठे मुकदमे मारपीट वह हत्या जैसे घटनाएं हो रही है इसको ध्यान में रखते हुए तत्काल छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। इस अवसर पर प्रेस क्लब छुरिया के अध्यक्ष शिशुपाल साहू, सचिव संजीव गुप्ता,कोषाध्यक्ष रोहित सिन्हा, उपाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ,अकिल मेमन ,संगठन सचिव मनभावन उनके ,मुज्जमील खान ,मुकेश साहू ,जसीम कुरैशी उपस्थित थे ।

## राजनांदगांव में संत रामपाल महाराज के सत्संग का आयोजन

# शास्त्र आधारित भक्ति से समाज और आत्मा का कल्याण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 6 जनवरी।** संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा 5 जनवरी को जिला राजनांदगांव में संत रामपाल महाराज की अमृतमयवाणी सत्संग का आयोजन किया गया। इस सत्संग में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए, जिनका उद्देश्य आध्यात्मिकता को समझना, सच्ची भक्ति का महत्व जानना और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रेरणा प्राप्त करना था। संत रामपाल जी महाराज ने अपने प्रवचनों में शास्त्र आधारित भक्ति का महत्व समझाते हुए कहा कि मानव जीवन केवल सांसारिक सुखों और जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है। उन्होंने बताया कि जीवन का असली उद्देश्य जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाकर मोक्ष प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि मानव को केवल भौतिक इच्छाओं और कर्तव्यों में उलझने के बजाय, सच्चे ईश्वर की भक्ति द्वारा अपने



जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। गीता और वेदों से प्रमाण प्रस्तुत किए गए। संत रामपाल महाराज ने अपने प्रवचनों में श्रीमद्भगवद गीता और वेदों के प्रमाण देकर यह बताया कि तत्वदर्शी संत की प्राप्ति और शास्त्र आधारित भक्ति से ही मोक्ष संभव है। संत रामपाल ने यह भी बताया कि समाज में फैली नशाखोरी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, और जातिवाद जैसी कुरीतियां केवल शास्त्र आधारित भक्ति और पूर्ण संत द्वारा दी गई नाम दीक्षा के माध्यम से समाप्त हो सकती हैं।

### सच्ची भक्ति से नैतिक समाज का निर्माण

संत रामपाल महाराज ने समझाया कि सच्ची भक्ति न केवल आत्मा को शांति प्रदान करती है, बल्कि समाज में शांति, नैतिकता और अनुशासन लाने का भी साधन है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य शास्त्र आधारित जीवनशैली अपनाए, तो वह एक स्वस्थ और उन्नत समाज का निर्माण कर सकता है।श्रद्धालुओं ने सत्संग में प्रस्तुत उपदेशों को गहराई से सुना और अपने जीवन में बदलाव लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि शास्त्र आधारित भक्ति अपनाने से न केवल उनका व्यक्तिगत जीवन सुधरेगा, बल्कि वे समाज में सुधार का कारण भी बनेंगे।

### एक सकारात्मक पहल

यह सत्संग आध्यात्मिक जागरूकता और समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। श्रद्धालुओं ने आशा व्यक्त की कि शास्त्र आधारित भक्ति अपनाकर वे अपने परिवार और समाज को एक स्वच्छ, सुसंस्कृत और उज्वल भविष्य की ओर ले जा सकेंगे।

संपादकीय

## पत्रकार की हत्या पर त्वरित कार्रवाई भी

बीजापुर के लापता पत्रकार का शव सेप्टिक टैंक में मिला। शरीर पर हथियार के निशान मिले। उनकी हत्या के मामले में साय सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है।कांग्रेस साय सरकार की कानून व्यवस्था के नाम पर कितनी भी आलोचना करे लेकिन यह बात को हर कोई स्वीकार करेगा कि कोई भी मामला हो साय सरकार ने कार्रवाई जितनी जल्दी हो सके की है। अपराध करके भागे लोगों को जल्द से जल्द पकड़ा भी है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। उसकी हत्या लोकतंत्र में गंभीर मामला है, लोकतंत्र में पत्रकार का काम हर संस्था की कमी खामी बताना ताकि वह संस्था लोकतंत्र में अपनी कमी खामी दूर अपनी भूमिका अच्छे से निभा सके। कोई सरकारी काम सही मापदंड के अनुसार नही हो रहा है तो विभाग व सरकार को बताना कि यहां काम ठीक से नहीं हो रहा है, इससे सरकार को तो नुकसान होगा ही, इससे जनता को नुकसान होगा। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्रकार ने यही किया। उसने एक सड़क ठेकेदार के खिलाफ खबर अपने चैनल को भेजी, चैनल ने खबर प्रचारित की। माना जा रहा है कि इससे नाराज होकर ठेकेदार ने अपने आदमियों से उसकी हत्या करा दी। मुकेश ने यह बताया था ठेकेदार ने अभी काम पूरा नहीं किया है और विभाग ने उसे 90 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। यह तो सीधा सीधा नियम के विपरीत काम हुआ। इसे विभाग व सरकार को बता कर मुकेश ने तो अपने पत्रकार होने का धर्म निभाया। वह डरा नहीं, सच का पता चला तो उसे सार्वजनिक किया। इससे उन लोगों का नाराज होना स्वाभाविक था जो गलत काम कर रहे थे। गलत काम करने वाले उनके गतल काम का खुलासा होने पर पत्रकार को डराने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। पत्रकार को चुप कराने का प्रयास करते हैं। मुकेश को भी चुप कराने का प्रयास किया गया होगा, वह सच उजागर करने पर अडिग रहा है, इसलिए गलत काम करने वालों ने उसे हमेशा के लिए चुप करा दिया। बताया जाता है कि मुकेश को घर से फोन करके बुलाया गया था, उसकी लास्ट लोकेशन ठेकेदार का वह बाड़ा था, जहां सेप्टिक टैंक है, सेप्टिक टैंक को ताजा ताजा बंद करने पर पुलिस को शक हुआ और उसने उसे खुलवाया तो उसमें मुकेश की लाश मिली। शरीर पर हथियार के निशान से इस बात की पुष्टि हुई कि यहीं उनकी हत्या कर शब को सेप्टिक टैंक में डालकर सेप्टिक टैंक को फिर से बंद कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार के दो सगे भाइयों व सुपरवाइजर महेंद्र रामटेके को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मुख्य आरोपी के बीजापुर में किए गए अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला दिया गया है। बताया जाता है कि सुरेश ने वन व राजस्व की जमीन पर अपना एक अवैध बाड़ा बना रखा था। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मुकेश चंद्रकार व रितेश चंद्रकार रिश्तें में भाई लगते थे,दोनों में पारिवारिक व सामाजिक विषयों पर बात होती थी। घटना एक जनवरी का रात आठ बजे रितेश ने मुकेश से मोबाइल पर बात की। इसके बाद मुकेश ठेकेदार के बाड़ा पहुंचा। वहां सबने खाना खाया उसके बाद मुकेश ने जो खबर चैनल को भेजी थी उसे लेकर बहस हुई। इसी दौरान रितेश व सुपरवाइजर ने मिलकर मुकेश की हत्या कर दी।पत्रकार मुकेश की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ सहित नेशनल लेबल पत्रकारों ने आवाज उठाई। इसका असर हुआ और राज्य सरकार ने इस मामले त्वरित कार्रवाई की। सीएम साय ने इस मामले में कहा है कि बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है।फारेंसिक टीम भी साक्ष्यों के आधार पर घटना की जांच कर रही है।इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इसके साथ ही आरोपी के अवैध कब्जे पर कार्रवाई की गई है। पत्रकार की हत्या निंदनीय घटना है। इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाएगी और राज्य में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य में पत्रकारों की स्वतंत्रता व सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। बीजापुर में पत्रकार मुकेश की हत्या के बाद ठेकेदार सुरेश चंद्रकार के राजनीतिक कनेक्शन को लेकर भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे के सामने आ गए हैं। डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि मुकेश की हत्या में ठेकेदार व अजा मोर्चे के प्रदेश सचिव सुरेश चंद्रकार व रिश्तेदारों का हाथ है। मुकेश की हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है, हत्या के मामले में रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कांग्रेस ठेकेदार सुरेश के बैंक खातों को बंद करा दिया गया है। उन्होंने भाजपा सरकार बनने के बाद से बलौदाबाजार, बालोद,दामाखेड़ा,जशपुर आदि जगह की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कई मामलों में कांग्रेस नेता संलिप्त पाए गए हैं। उन्होंने घटनाओं में शामिल नेताओं के कांग्रेस से जुड़े होने के प्रमाण भी पेश किए।उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि मुकेश ने पुराने जो जो काम किए है, उनकी भी जांच कराई जाएगी। वही कांग्रेस की तरफ से पत्रकार मुकेश की हत्या पर कहा है कि राज्य में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है, आए दिन हत्या होने से राज्य में लोग खुद को असुरक्षति महसूस कर रहे हैं। हत्या के आरोपी को कांग्रेस नेता बनाए जाने पर कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि वह भाजपा प्रवेश कर चुका है। बीजापुर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ उसकी फोटो है। कांग्रेस की तरफ से यह भी कहा गया है कि मुकेश की हत्या की तो बात हो रही है, उसने जिस ठेकेदार के भ्रष्टाचार को उजागर किया उसकी चर्चा नहीं की जा रही है। क्या यह बिना सत्ता में बैंठे लोगों केसंरक्षण के संभव है। ठेकेदार सुरेश चंद्रकार को किसका संरक्षण था। उस पर कार्रवाई कब होगी,इस भ्रष्टाचार में कौन कौन शामिल हैं, गृहमंत्री इसकी जांच की बात क्यो नहीं करते हैं। राज्य के पत्रकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सरकार से फिर कानून बनाने की मांग की है,यह मांग पत्रकारों ने भूपेश सरकार से भी की थी,वह पांच साल में नहीं बना पाए। आज पत्रकार की हत्या पर चिंता जता रहे हैं। वह चाहते तो पांच साल में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बना सकते थे, इससे पत्रकारों को किसी तरह की सुरक्षा तो मिलती। हो सकता है कि सुरक्षा कानून बन गया होता तो मुकेश की हत्या ही न होती। पिछली सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया,साय सरकार को देना चाहिए।

तनवीर जाफरी

# मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को चार चाँद लगाया



पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का गत 26 दिसंबर को 92 साल की आयु में निधन हो गया। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में डॉक्टर मनमोहन सिंह को भाजपा नेताओं की जिसतरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा वह इतिहास में दर्ज हो चुका है। जैसे घटिया शब्द उस महान विश्वविख्यात अर्थशास्त्री की आलोचना के लिये इस्तेमाल किये गये उसका जवाब मरणोपरांत न केवल देश की जनता ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रति अपने अगाध प्रेम व अश्रुपूरित बिदाई से दिया बल्कि पूरे विश्व से प्राप्त सद्भावना संदेशों ने भी यह साबित कर दिया कि डॉक्टर सिंह अर्थजगत की एक ऐसी शख़्सियत थे जिनके योगदान को देश व दुनिया में हमेशा याद रखा जायेगा। डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल में वैसे तो ऐसे अनेक लोकहितकारी फैसले लिये गये परन्तु उनमें खास तौर पर सात निर्णय ऐसे थे जिन्होंने देश की दिशा व दशा दोनों बदल डाली। इनमें पहला कानून जो 12 अक्टूबर 2005 को लागू हुआ वह था बहुचर्चित आरटीआई (फ्रँ३ ३ङ्क ल्लाङ्ग१३ङ्कल्ल ) अथवा सूचना का अधिकार। इसी कानून के चलते भारतीय नागरिकों को सरकारी अधिकारियों और संस्थानों से सूचना मांगने का अधिकार प्राप्त हुआ। आरटीआई कानून पंचायत से लेकर संसद तक प्रभावी है। यही वह कानून था जिससे कथित जमीन घोटाला ,खनन घोटाला, 2जी और कोयला ब्लॉक आवंटन में हुए घोटालों आदि को बेनकाब करने में सहायता मिली। इसी तरह वर्ष 2005 में ही ग्रामीणों को कम से कम वर्ष में 100 दिनों के काम की गारंटी दिये जाने वाला कानून 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम '(नरेगा) बनाया बनाया गया। 2 फरवरी 2006 से लागू किये गये नरेगा कानून जो अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम से जाना जाता है, के चलते ग्रामीण इलाकों में गरीबी भी कम हुई और ग्रामीण बेरोजगारों का रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन का सिलसिला भी काफी कम हो गया। भाजपा सरकार जो पहले इस योजना का मजाक उड़ाती थी वही अब इस योजना को प्रोत्साहित करने को मजबूर है। यही वजह है कि वर्ष 2006-07 में जिस नरेगा का बजट 11 हजार 300 करोड़ था वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 86 हजार करोड़ रुपये हो चुका है। इसी प्रकार किसानों की कर्ज.माफी योजना वर्ष 2008 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाई गयी जिसके अंतर्गत देश के किसानों का कर्ज.माफ करने का निर्णय लिया गया। उसके बाद वर्ष 2008 में मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में ही भारत और अमेरिका के बीच परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत ही भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु तकनीक और ईंधन मिलने का रास्ता प्रशस्त हुआ था। साथ ही प्रायः पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने वाले अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों ने इसी समझौते के चलते एक नया मोड़ लिया था।

डॉ सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल की सबसे बड़ी चुनौती 2008 में पूरी दुनिया में फैली आर्थिक मंदी भी थी। उस समय पूरे विश्व में आर्थिक तबाही मची हुई थी। दुनिया के साथ साथ भारत के भी शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की जा रही थी। वैश्विक आर्थिक तबाही के साथ साथ यह नौकरियों में बड़े पैमाने पर हो रही छटनी का भी दौर था। उस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था भी चरमरा जाएगी। परन्तु मनमोहन सिंह सरकार की बुद्धिमता व सूझबूझ ने हालात को ऐसा संभाला कि भारत इस आर्थिक मंदी की चपेट में आने से बच गया। इसी तरह वर्ष 2010 में मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा दिये गये शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को मुफ़्त शिक्षा मुहैया कराने का संवैधानिक अधिकार दिया गया। अब कोई भी माता पिता अपने बच्चे को मुफ़्त शिक्षा दिलाने के लिए न्यायालय का दरवाजा भी खटखटा सकता है। इस कानून के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अवसर सुनिश्चित करना सरकार की ज़िम्मेदारी है। इसी तरह 2013 में लाया गया भोजन का अधिकार कानून भी देश के गरीब लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा लागू किया गया था। इसी का रूप बदलकर सरकार आज मुफ़्त राशन योजना चलाकर अपने वोट बैंक के लिये इस योजना का इस्तेमाल कर रही है। इसके अतिरिक्त मनमोहन सिंह स्वमहिमामंडन करने या अपनी पीठ स्वयं थपथपाने वाले या अपनी मार्केटिंग स्वयं कर अपनी लोकप्रियता लोगों पर जबरन थोपने वाले नहीं बल्कि देश के उन महान नेताओं में थे जिस की काबलियत, सूझ बूझ,सौम्यता व महानता को पूरी दुनिया स्वीकार करती थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी एक किताब में उनकी प्रशंसा में लिखा था कि -'मनमोहन सिंह ऐसे नेता है कि -'जब वो बोलते है तो पूरी दुनिया सुनती है'।



वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के पद से लेकर,वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय के सचिव,योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ,प्रधानमंत्री के सलाहकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष तथा खासकर 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह ने जो कार्य किये वह स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक क्षण थे। आर्थिक सुधारों के लिए व्यापक नीति के निर्धारण में मनमोहन सिंह की भूमिका की भरपूर सराहना की जाती है । बाद में 2003 से 2013 तक के उनके प्रधानमंत्रित्व काल ने तो पूरे भारत सहित पूरे विश्व को उनकी काबलियत व सौम्यता से परिचित करा ही दिया। मनमोहन सिंह के विषय में ओछी सोच व संकीर्ण मानसिकता रखने वाले विपक्षी नेताओं ने जो भी कहा हो परन्तु उस महान व्यक्ति के मरणोंपरांत देश व दुनिया की ओर से उनके प्रति जो मोह उमड़ता देखा गया तथा उनकी शान में जिसतरह के कसीदे दुनिया के महान नेताओं द्वारा पढ़े गये उससे यह जाहिर हो गया कि मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री पद की गरिमा को चार चाँद लगाने वाले एक महान व्यक्ति थे।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी संतान की समस्याओं को सुनने के लिए उन्हें समय देना होगा, नहीं तो वह परेशान हो सकते हैं। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको कुछ मौसमी बीमारियां अपनी चपेट में ले सकती हैं, इसलिए काम के साथ-साथ आपको अपनी सेहत पर भी लापरवाही नहीं करनी है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

वृष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने किसी काम को पूरा करने में समस्या अवश्य आएगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। किसी नए घर की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने किसी मित्र के घर दावत पर जा सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के अपने साथी को घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं, जिसमें उन्हें खर्चा भी अधिक करना होगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए टेंशन से भरा रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन आप अपने कामों में ढील बिल्कुल ना दें, नहीं तो उसमें गड़बड़ी होने से आपके साथी आपसे नाराज हो सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। आज अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे आपकी टेंशन भी बढेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी पूरा होगा। आप किसी लंबे टूर पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन आपको संपत्ति संबंधित बंटवारे में चुप रहना होगा। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव करेंगे, तो उससे आपको बाद में समस्या आने की संभावना है, इसलिए थोड़ा ध्यान देकर ही आगे बढ़ें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपकी योजनाएं पहले से फलीभूत होंगी। कोई निर्णय आपको समय से लेना बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। किसी काम के चलते आपको अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप किसी से अपनी पर्सनल बातें शेयर ना करें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। किसी की कहीसुनी बातों में ना आए। आप अपनी तरक्की के राह पर आगे बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। आपको कुछ बातों को नजरअंदाज करना होगा, नहीं तो आपको बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। व्यवसाय में आपके खर्चे बढ़ेंगे, जिन पर आपको लगाम अवश्य लगानी होगी। आपको अपनी किसी पारिवारिक समस्या को छोटा नहीं समझना है। आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका बिजनेस पहले से ज्यादा तरक्की करेगा। यदि आपको कामों में कुछ समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं। आपका कोई प्रॉपर्टी को लेकर मामला यदि लंबे समय से कानून में विवादित चल रहा था, तो उसमें भी आपको जीत मिलेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको अपने पिताजी की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो वह नाराज हो सकते हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और आपके खर्चे तो बढ़ेंगे, लेकिन उसके साथ-साथ इनकम भी बढ़ेगी, जैसे आपको उन्हें करने में कोई समस्या नहीं आएगी। आप कहीं घूमने फिरने की प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने खानपान पर थोड़ा ध्यान देना होगा। आपके किसी मित्र की आपको याद सता सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करेंगे। पिताजी आपको बिजनेस को लेकर कोई अच्छी टिप्स दे सकते हैं, जो आपके खूब काम आएगी। आप शौक की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे, जिससे आपको बाद में समस्या हो सकती है। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करें। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको कहीं बाहर जाने से पहले कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपको अपनी सेहत में यदि कोई समस्या लग रही है, तो उसके लिए आप डॉक्टरी परामर्श अवश्य लें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है। आप किसी के कहने में आकर कोई प्रॉपर्टी ना खरीदें, नहीं तो इसमें आपको बाद में कोई जोखिम अवश्य उठाना पड़ेगा।

कुंभ- आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। जीवनसाथी भी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे यदि आपको किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्यों में यदि कोई मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई काम को लेकर फैसला परिवार के सदस्यों की सहमति से ले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपनी पर्सनल बातें किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर ना करें। आप नये घर या दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करना होगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप कुछ नहीं कहेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

## देह शिवा बर मोहि ईहै सुभ करमन ते कबहूं ना टरो


गुरु गोविंद सिंह जयंती पर विशेष

सरदार मनजीत सिंह

दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी सर्वस्वदानी ,संत सिपाही,अमृत के दाता थे। श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन संघर्ष, कुबार्नी, तपस्या और मानवता की सेवा की जीती जागती मिसाल है,इसी कारण उन्हें संत और सिपाही दोनों ही उपमाएं एक साथ दी जाती हैं। उन्होंने समाज में ऊंच नीच को समाप्त करने और समुचित मानवता की सेवा का संदेश दिया। पटना बिहार में सन् 1666 में श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म जिस समय हुआ उस समय सबसे पहले मुसलमान फकीर सैयद भिकन शाह ने सुदूर अंतरिक्ष में एक अद्भुत ज्योति का पुंज देखा। उसने पंजाब में रहते हुए बिहार में जन्में इस फरिश्ते के आगे सजदा किया और कहा कि खुदाबंद ने इस जमीन पर कोई नई रोशनी भेजी है। किसी अवतार ने जन्म लिया है। कोई पीर,बली या गुरु दुनिया के दुखों का निवारण करने आया है।

**श्री गुरु गोविंद सिंह जी की बाल लीला** -उनका बचपन पटना में गंगा के किनारे बीता। एक बार जब गंगा के किनारे गए तो हाथ का सोने का कड़ा उतार नदी में फेंक दिया और माता जी से भी कह दिया कि कड़ा गंगा में फेंक दिया। माता ने जब पूछा कि चल बता कहां फेंका तो माताजी के साथ जाकर दूसरा सोने का कड़ा भी उसी जगह फेंक दिया और कहा कि वहां फेंका था। इस घटना से गुरु गोविंद सिंह जी ने दुनिया को बाल अवस्था में ही बता दिया कि मैं दुनिया को देने आया हूं दुनिया से कुछ लेने नहीं।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने दुनिया को संदेश दिया कि धर्म कुछ इस तरह हो कि कोई भी आए लेकिन आपकी जपने वाली माला ना छीन सके। हर धर्म,हर मजहब को आजादी होनी चाहिए अपने धर्म को मानने की। अपनी इबादत की, पूजा की। हर धर्म, हर मजहब अपने रीति रिवाज के साथ आजादी से जी सके इसके लिए जुल्म के खिलाफ चाहे हथियार उठाने भी पड़े तो तैयार रहना चाहिए । पटना साहिब से पूर्व पटना का नाम पाटलिपुत्र था जहां सम्राट अशोक ने बहुत सी जंग लड़ने के बाद तलवार को गंगा में फेंक दिया था। उसी गंगा के किनारे गुरु गोविंद सिंह जी ने तलवार उठाकर ऐलान किया था अत्याचार और जुल्म का विरोध करने तथा धर्म की रक्षा करने का। उनका कहना था कि धर्म की रक्षा के लिए अगर तलवार और शस्त्र भी उठाने पड़े तो उठाने चाहिए। गुरु गोविंद सिंह जी ने कहा कि मैं केवल धर्म का प्रचार करने के लिए शांति चाहता हूं। गुरु गोविंद सिंह जी ने संकल्प लिया कि वे राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक किसी भी प्रकार की गुलामी स्वीकार नहीं करेंगे.जब पंडित कृपाराम के नेतृत्व में 500 ब्राह्मण कश्मीर से चलकर गुरु तेग बहादुर जी के पास आए और अपनी दुखदाई अवस्था बताई और कहा कि हमें जबरदस्ती मुसलमान बनाया जा रहा है, हमारा धर्म खतरे में है। तब गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि धरती पर एक ऐसा इंसान ढूंढ के ले आओ जो मौत से ना डरता हो तब गुरु गोविंद सिंह जी ने जिनकी उम्र उस समय सिर्फ 9 साल की थी कहा कि वह तो धरती पर फिर आप ही हैं। ऐसे महान गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बाद गुरु गोविंद सिंह जी गुरु गद्दी पर बैठे। उस समय चारों तरफ मुगलों का अत्याचार था। उस अत्याचार के खिलाफ उठ खड़े होने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 में बैसाखी वाले दिन अमृत पान कर खालसा पंथ सजाया। गुरु गोविंद सिंह जी ने 14 लड़ाइयां लड़ी। वे कलम के भी सिपाही थे । उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे। दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने इस देश धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। गुरु गोविंद सिंह जी ने नई व्यवस्था शुरू की। उन्होंने कहा ना कोई बड़ा होगा ना कोई छोटा। सिख इतिहास कुर्बानियों से भरा हुआ है। गुरु गोविंद सिंह जी ने इस देश और धर्म को अन्याय और अत्याचार से बचाने के लिए अनेक लड़ाइयां लड़ी देश में देशभक्ति की भावना को



जगाने के लिए चारों साहिबजादों की शहादत, गुरु गोविंद सिंह जी का त्याग, पिता का बलिदान और सिख गुरुओं के संदेश को याद रखना बहुत आवश्यक है। 239 साल तक सिख गुरुओं ने इस धरती पर रहकर अपनी तपस्या, शहादत और कुबार्नी से देश और धर्म की रक्षा की। 1708 में श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने शरीर त्यागने से पहले देह गुरु की प्रथा को समाप्त किया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को ही गुरु बताया।

## विश्लेषण

# राष्ट्रवाद और धार्मिक कट्टरता के मध्य बौद्धिक संतुलन की आवश्यकता

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं'

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है।

जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है।

बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# प्रदेश में अराजकता का माहौल,बेखौफ़ घूम रहे हैं अपराधी

## केंद्र सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रहे सीएम साय: तुलिका कर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 दिसंबर।** भाजपा के राज में समूचा छत्तीसगढ़ अंशात हो गया है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी असुरक्षित है जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या इस बात को साबित करती है कि भाजपा सरकार में भ्रष्ट और अपराधियों के हौसलें किस कदर बुंलद है। हत्या के बाद जिस ढंग से शव छिपाने साजिश की गई यह किसी महानगर की अपराधिक प्रवृत्ति को प्रदर्शित करती है वहीं कुछ माह पहले बस्तर के 4 पत्रकारों को भाजपा के गुंडे और रेत माफियाओं द्वारा पुलिस से सांठगांठ कर गांजा तस्करी के फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेज दिया गया । माफियाओं और भ्रष्टाचारियों को भाजपा सरकार में अपराध करने बस्तर में खुली छूट मिल रही है । राज्य सरकार कानून व्यवस्था ही नहीं बल्कि जनहित के सभी मोर्चो पर बुरी तरह विफल है। छत्तीसगढ़ एक केन्द्र शासित प्रदेश बन गया है जहां विष्णु देव साय सरकार अनिर्णय और अनिश्चितता के साय में वक्त गुजार रही है। सरकार को कोई भी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। पूरे केन्द्र के हिसाब से यहां सरकार चलाई जा रही है, जो लोकतंत्र के निर्वाचित प्रक्रिया पर भी कुठाराघात है।

आगे तुलिका ने कहा बस्तर जैसे विषम परिस्थिति वाले इलाकें में पत्रकार जान जोखिम में डालकर अपना दायित्व निभा रहे हैं। सच उजागर करने की कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। लोकतंत्र का परचम पत्रकार ही बस्तर में थामे हुए हैं। उनपर भी हमले हो रहे हैं, उनकी हत्या हो रही है।

यह सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है, जो सरकार लोकतंत्र के पहरेदारों की हिफाजत नहीं कर पा रही है उनसें आम नागरिकों की सुरक्षा की उम्मीद करना बेमानी है। बीजापुर के पत्रकार ने भ्रष्टाचार को उजागर किया तो उन्हें अपनी जान देनी पड़ी। इस मामले में आरोपी ठेकेदार के खिलाफ अब प्रशासन कार्रवाई की बात कर रही है। उनके अतिक्रमण पर बुलडोजर चला रही है। पहले यह कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्या सरकार को पत्रकार के ऊपर हमलें और इस बड़ी अनहोनी का इंतजार था? पूरे प्रदेश में अराजगकता की स्थिति है।

बस्तर से लेकर सरगुजा तक जन सामान्य में असुरक्षा का भाव है। राजधानी तक में एक दिन में पांच-पांच हत्याएं हो जाती है और सरकार हांथ पर हाथ धरे बैठे रहती है। इस सरकार से न तो प्रदेश संभल रहा है और न ही यहां के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस फैसले लेने का साहस है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या बेहद विचलित करने वाली घटना है। नैतिकता के नाते गृहमंत्री को पद त्याग देना चाहिए और लोकतंत्र की रक्षा के लिए बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव के लिए आबंटन आरक्षण 8 जनवरी को

**सुकमा, 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, छत्तीसगढ़ पंचायत (उपरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम, 1995 एवम् छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में, सुकमा जिले के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्राम पंचायत के पंच-सरपंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन-आरक्षण के लिये आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रवर्गवार आबंटन-आरक्षण प्रक्रिया के सुचारू क्रियान्वयन और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी 08 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सरपंचों, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्यों एवं जिला पंचायत के सदस्यों का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के स्थानों का आवंटन-आरक्षण सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में संपन्न किया जाएगा। इसी प्रकार 08 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्ड का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों का आबंटन-आरक्षण एसडीएम सुकमा सुश्री मधु तेता की अध्यक्षता में संपन्न किया जाएगा। 08 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत कोंटा के सभाकक्ष में जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्ड का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों का आबंटन-आरक्षण एसडीएम कोंटा श्री शबाब ख़ान की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जाएगा। इसी तरह से 08 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत छिन्दगढ़ के सभाकक्ष में जनपद पंचायत छिन्दगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्ड का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों का आबंटन-आरक्षण एसडीएम छिंदगढ़ श्री विजय प्रताप खेस की अध्यक्षता में संपन्न किया जाएगा।

### दूर्गकोन्दल में हो रहे विकास कार्यों का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर 6 जनवरी।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने जिले के सुदूर ब्लॉक दुर्गुकोन्दल में शासन की संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का एवं निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया जिसमें ग्राम पंचायत सुरूगदोह के मां ज्याला स्व-सहायता समूह की महिला की सदस्य उमेश्वरी धाकड़े द्वारा संचालित दुकान, मुर्गीपालन एवं बी.सी. सखी श्रीमती सतिला राना के द्वारा बैंकिंग, ऑनलाईन सेवाएं एवं वित्तीय साक्षरता का से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया। इसी तरह ग्राम पंचायत कोडेकुर्से के शीतला स्व-सहायता समूह के सदस्य द्वारा संचालित हार्डवेयर एवं किराना दुकान का अवलोकन किया व जानकारी ली तथा अन्य विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से लखपति दीदी बनने प्रोत्साहित किया कोडेकुर्से में पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण किया।

### कांकेर जिले में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 जनवरी।** बस्तर का स्वागत द्वार कहलाने वाला कांकेर जिला विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्राकृतिक सम्पदाओं के अलावा सांस्कृतिक, पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को समेटा हुआ है। यहां पर्यटन की अप्रतिम एवं अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें संरक्षित एवं विकसित करने की आवश्यकता है। जिले में एक ओर जहां प्राकृतिक जलप्रपात-मलाजकुंडुम (कांकेर) तथा चर्रे-मर्रे (अंतागढ़) स्थित है वहीं जिला मुख्यालय में ऊंची पहाड़ियों के बीच स्थित गढ़िया पहाड़ अपनी नैसर्गिक सुंदरता के लिए विख्यात है। इसके अलावा अनेक प्राकृतिक गुफाएं भी यहां मौजूद है, जिनमें जोगीगुफा, रानीडांगरी, ग्राम उड़कुड़ा एवं गोटीटोला आदि शामिल हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर चारामा विकासखण्ड के ग्राम गोटीटोला के निकट पहाड़ियों के बीच रामगुड़ा नामक विशाल वृत्ताकार शैलखण्ड है, जिसकी परतों पर रहस्यमयी आकृतियां उकेरी गई हैं। यह अपने आप में रहस्यमयी और कौतुहल का विषय है। ये आकृतियां कितनी प्राचीन हैं, यह पुरातात्विक शोध एवं अन्वेषण का विषय है, किन्तु ग्रामीणों को कहना है कि ये अति प्राचीन आकृतियां हैं, जो लगभग 7 से 10 हजार साल पुरानी है। ग्रामीण श्री भूमिलाल मण्डावी ने बताया कि यह गांव वालों के लिए यह आस्था एवं धार्मिक महत्व का क्षेत्र है। वे प्रतिवर्ष कृष्ण जन्माष्टमी और नवरात्रि पर्व में विशेष पूजा करने यहां आते हैं।

### युवती को विवाह का झांसा व धमकी देकर 6-7 वर्षों से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**कोंडागांव 6 जनवरी।** जिले के थाना फरसगांव में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि पिछले 6-7 वर्ष पूर्व जब पीड़िता घर पर अकेली थी, तभी ग्राम झाटीवन आलोर के पंचम मरकाम पिता स्वः सोनसाय पीड़िता के घर में घुमने के बहाने गया और पीड़िता को अकेली देखकर जबरदस्ती बलात्कार किया उसके बाद पीड़िता को शादी करूंगा कहकर आरोपी द्वारा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया जिससे पीड़िता डर के कारण किसी को नही बतायी और पीड़िता गर्भवती हो गई। दिसम्बर 2019 में पीड़िता एक लड़का को जन्म दी उसके बाद भी पीड़िता को किसी को बताने पर तुम्हे व तेरे बच्चे को जान से मार दूगां कहकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करता था। पीड़िता कई बार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने की हिम्मत करती थी लेकिन पीड़िता को आरोपी टगिया दिखाकर तेरे को तथा तेरे बच्चे को काट कर फेक ढुंगा कहकर धमकी देता था जिसे पीड़िता को डर कर चुप रह जाती थी। पीड़िता को धमकी देकर कई बार बलात्कार करने व पीड़िता एवं पीड़िता के बच्चों को जान से मारने की धमकी देने वाले पंचम मरकाम के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी पंचम मरकाम पिता स्व. सोनसाय मरकाम उम्र 37 वर्ष निवासी झाटीबंन पारा आलोर थाना फरसगांव के विरूध्द गिरफ्तारी के पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी जायेगी।

# 2 लाख के ईनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

■ गिरफ्तार नक्सली से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ किया गया बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 6 जनवरी।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 03. 01श. 2025 को थाना पुसपाल से जिला बल का बल नक्सली गस्त सर्चिंग व नक्सलियों आरोपियों की गिरफ्तारी ग्राम गोंविदपाल, तुलसीडोंगरी, चिंतलनार व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के तुलसीडोंगरी पहाड़ी में 01 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने व छूपने लगे जिन्हे घेरांबदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम निलेश उर्फ अवलम भीमा पिता लखमा (एओबी सीसी उदय का सुरक्षा गार्ड पार्टी सदस्य एवं कालीमेला एलओएस सदस्य ईनामी 02 लाख) उम्र 22 वर्ष निवासी पीड़िया गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर (छ0ग0) का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पद पर कार्य करना बताये तथा उनके निशान देही से पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से बम लगाने के सामान 06 नग जिलेटिन रॉड, 07 मीटर कोर्डेक्स वायर, 03 नग डेटोनेटर, 25 मीटर बिजली वायर को महुआ के पेड़ के नीचे छूपाकर रखे सामाग्री को बरामद किया गया। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से थाना पुसपाल में अपराध क्रमांक 01/2025 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 04.01.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। ईनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में नक्सल सेल की टीम व थाना पुसपाल पुलिस की रही विशेष भूमिका।

# आप सभी के संकल्पों को बल मिले,आपकी आँखों में बसने वाला हर सपना साकार हो सके:लखेश्वर बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 6 जनवरी।** बस्तर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के उपरांत देवतुल्य कार्यकर्त्ताओं द्वारा बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल का नारे बाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया श्री बघेल लोगों को अभिवादन करते हुए बड़ी संख्या उपस्थित लोगों का जुहार, भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया कार्यकर्त्ताओं एवं वरिष्ठ समानीयजनों के सानिध्य उपस्थित में माई दंतेश्वरी, व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए नववर्ष की बधाई प्रेषित किया बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल की ओर से बस्तर स्थित लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम के ऑडीटॉरियम में नववर्ष, कार्यकर्त्ता,स्नेह मिलन का आयोजन रखा गया था इस कार्यक्रम में मौजूद सभी वरिष्ठजनों को मुँह मिठाकर,शॉल,माला,पहना कर सम्मान किया। बस्तर विधायक ने नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर विधानसभा के सभी कार्यकर्त्ताओं की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की श्री बघेल ने विधानसभा के सभी कार्यकर्त्ताओं को नये साल में आम जनता के हितों के लिए सदैव संकल्पित रहकर बस्तर विधानसभा को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु नया संकल्प लेने की अपील की बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल के समक्ष आज अन्य पार्टी के कार्यकर्त्ता पार्षद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस प्रवेश कर पार्टी की रीती निती से पार्टी ग्रहण किया इस दौरान बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्त्ता एवं वरिष्ठजन, महिला कार्यकर्त्ता, पदाधिकारीगण, यूथ कांग्रेस के कार्यकर्त्ता जनमान्यगण उपस्थित रहे।

### भाजपा ने पिछड़ा वर्ग के महेश जैन को कांकेर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

**कांकेर 6 जनवरी।** भाजपा ने कांकेर जिले के नए जिलाध्यक्ष के रूप में पिछड़ा वर्ग के महेश जैन को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। महेश जैन इससे पहले भाजपा के प्रदेश मंत्री सहित संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। महेश जैन को संगठनात्मक अनुभव और उनकी नेतृत्व क्षमता के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके नेतृत्व में जिले में पार्टी का जनाधार मजबूत होगा।



### नक्सली प्रवक्ता ने प्रेस नोट जारी कर पत्रकार की हत्या पर ठेकेदार,आला अफसरों पर भी आरोप लगाए

**सुकमा 6 जनवरी।** नक्सलियों के प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर कड़ी निंदा की है। नक्सलियों का संगठन उनकी निर्मम हत्या पर 3 जनवरी 25 को समाचार की मध्यम द्वारा मुकेश चंद्राकर की हत्या की सामाचार मिला हैं.इस हत्या को खंडन करते हैं. आदिवासी इलाका मे पैदा होके, पढ़के विकास होते हुए, लोकल पत्रकार बनके मुकेश चंद्राकर एक पहचान बनाया था. जनता की कई समस्यों और राजनीतिक, सामजिक, संस्कृतिक विषयों पर मिडिया के मध्यम द्वारा एक्सफोज करते हुए उनका पत्रकारीता की जिम्मेदारी निभा रहा था। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा विकास के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने कारपोरेट घरनों के लिए बारी-बारी से रोड, पुल-पुलिया बनाने के लिए भाजपा की मित्रों को ठेका दे राह हैं. इन ठेकादारों ने विकास के नाम से करोड़ों रूपया घोटाला कर रहे हैं. इस में आला आफिसरों के मिली भगत में ठेका काम चलता है। अफिसरो ने भी हत्या में शामिल रहकर मुकेश चन्द्राकर की हत्या की आरोप लगाये।



### 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,6 जनवरी।** जिला सुकमा क्षेत्रान्तर्गत नक्सल संगठन में सक्रिय 3 नक्सलियों ने पुलिस अफसरों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार नक्सली संगठन में सक्रिय 3 नक्सलियों क्रमशः मडक़म जोगा (मेट्टागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष) मरकनगुड़ा बड़ापारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, माड़वी हिड़मा (दुलेड़ आरपीसी मिलिशिया इनचीफ) ताड़मेटला स्कूलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा एवं अवलम/सलवम देवा (जोनागुड़ा आरपीसी सीएनएम उपाध्यक्ष) जोनागुड़ा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा के द्वारा नक्सल संगठन को छोडक़र समाज की मुख्यधारा में जुडऩे के उद्देश्य से अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में भास्कर भट्टाचार्य, उप कमाण्डेन्ट 02 री वाहिनी सीआरपीएफ, एवं निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत प्रभारी नक्सल सेल सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। नक्सली मडक़म जोगा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 02 री वाहिनी सीआरपीएफ, नक्सली माड़वी हिड़मा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल टीम एवं नक्सली अवलम देवा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा के कार्मिकों की रही विशेष भूमिका। उपरोक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' के प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

गुडटच एवं बैडटच के सम्बंध में बताया

# पोटाकेबिन,छात्रावासों का राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने किया सघन निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 6 जनवरी।** शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने विकासखण्ड छिंदगढ़ के पोटाकेबिन, बालक-बालिका छात्रावास एवं आश्रम शालाओं में जाकर निरीक्षण कर वहां के हालातों का जायजा लिया साथ ही समस्त बच्चों से बात कर उनकी दिनचर्या के सम्बंध में चर्चा किया,दीपिका ने छात्रावास एवं आश्रमों के रसोई एवं शौचालय के साथ साथ छात्राओं के शयन कक्ष का भी निरीक्षण किया ,सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शयनकक्ष की खिड़कियों पर विशेष ध्यान देने हेतु अधिक्षिकाओं को निर्देशित किया।

समस्त बालिका छात्रावासों में बालिकाओं को गूडटच एवं बैडटच के बारे में बताते हुए कहा कि यदि आपके साथ इस प्रकार की कोई घटना होती हो तो तत्काल अपने मातापिता को या अपने घर के बड़ों को या अपनी अधीक्षिका को बताकर इसका विरोध करना चाहिए।

बच्चों के सेहत का ध्यान रखने दिया निर्देश : दीपिका ने समस्त आश्रम, छात्रावासों एवं पोटाकेबिन के अधिक्षिकाओं व अधीक्षक को बच्चों के सेहत व खानपान का विशेष ध्यान रखने हेतु कहा साथ ही निर्देश दिये कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं खानपान में लापरवाही न बरतें शिकायत मिलने पर कार्यवाही भी होगी।

छात्राओं के साथ किया सांस्कृतिक कार्यक्रम : गंजेनार कन्या आश्रम में सभी छात्राओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर राज्य महिला आयोग की सदस्य ने उसमें अपनी सहभागिता दिखाते हुए नृत्य भी किया।

इन स्थानों का किया दौराः पोटाकेबिन बालक आश्रम पाकेला,प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास 115 सीटर एवं 50 सीटर छिंदगढ़,कन्या आश्रम गंजेनार, बालक आश्रम गुडरा,माता रुक्मणी कन्या आश्रम छिंदगढ़ एवं महात्मा गांधी कन्या आश्रम छिंदगढ़ इस दौरान खण्ड स्त्रोत समन्वयक प्रधानी,मण्डल संयोजक मनीराम मरकाम एवं पुलिस थाना छिंदगढ़ के सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा ने किस्टाराम ऐक्सिस का किया दौरा

**जगदलपुर 6 जनवरी।** 5 जनवरी को पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा श्री सूरज पाल वर्मा ने किस्टाराम ऐक्सिस का दौरा किया इस दौरान उन्होने वर्ष 2023 में निर्मित एफ0ओ0बी0 डब्बामार्का, एफ.ओ.बी. सालातोंग तथा फील्ड अस्पताल किस्टाराम का भी भ्रमण किया एवं जवानो के साथ दरबार लगाकर संवाद किया और वर्तमान में चल रहे नक्सल गतिविधियो के बारे में जवानो को अवगत कराया और बल के द्वारा लागातार सिविक एक्शन कार्यक्रम किये जाते है, उसके बारे में जानकारी ली और उपस्थित ग्रामिणो से भी संवाद किया एवं उनसे जानकारी एवं परेशानियो के बारे में पुछा इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय डब्बामार्का और सालातोंग में बिजली तथा छ्द्ध्श टावर लगाने तथा गाँव के ग्रामीणो के स्वास्थय से संबंधित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के संबंधित लगाई गई मेडिकल कैम्प के बारे में अवगत करवाया और उनको शारीरिक परेशानी को दूर करने हेतु समय-समय पर सीआरपीएफ द्वारा मेडिकल कैम्प की जानकारी दी तथा निकट भविष्य में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत खेलकूद, मेडिकल चेकअप, साइकिल वितरण, कपड़े तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे- कम्प्यूटर, संगीत तथा सीआरपीएफ भर्ती प्रक्रिया के बारे मे कई कार्यक्रम चलाया जाएगा। तत्पशचात् पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सूरज पाल वर्मा ने नव निर्माणाधिन ग्राम आमापेंटा से पालाचलमा तक बनने वाली सड़क के चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवधि के दौरान श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट 212 बटा, श्री विजय शंकर कमांडेंट 217 बटा0 अन्य अधिकारी एवं अधिनस्थ अधिकारी उपस्थित रहें।

### आवासहीन बुजुर्ग महिला के लिए पार्षद फिरोज नवाब ने बनवाया घर



**बचेली 6 जनवरी।** लौह नगरी बचेली के रेतीपारा वार्ड क्रमांक 05 में एक बुजुर्ग महिला का घर विगत कुछ वर्ष पहले गिर गया और वह बुजुर्ग महिला बिना छत के केवल प्लास्टिक के बोरे से बांध कर घरनुमा बनाकर कर बरसात और ठंड में भी निवासरत थी और बिना छत के कड़ाके की ठंड में भी केवल चादर लपेट कर रात्रिकालीन निद्रा वही लेती थी जिसकी जानकरी संटू भट्टाचार्य द्वारा बचेली के जनसेवक फिरोज नवाब को दी गई कि एक बुजुर्ग महिला उस जगह में निवासरत है और बेहद दुर्गम परिस्थिति में रह रही है। इससे पहले बता दे बचेली नगर में जनसेवा के नाम से प्रख्यात फिरोज नवाब रक्तदान और गौ सेवा में अग्रणीय भूमिका निभाते है और कही भी कोई भी घायल व्यक्ति हो उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाना और पूर्ण उपचार तक देखभाल करना उनकी एक दिनचर्या है जिससे उनकी छवि बेहद सजगता के साथ एक सम्पूर्ण जनसेवक की बनती है इस तरह उस बुजुर्ग महिला के लिए जनसेवक पार्षद ने संज्ञान में लेते तत्काल घटना स्थल में पहुंच कर पूरा जायजा लिया और उस बुजुर्ग महिला से बात किया और उनके लिए जनसेवक फिरोज नवाब से सबसे चर्चा के बाद उसके लिए एक आशियाना निर्माण का दृढ़ निश्चय किया और कुछ समाजसेवी साथियों का साथ मिला और एक बेघर बुजुर्ग महिला को घर मिला इस नेक कार्य के विशेष सहयोगी ओम प्रकाश सोनी संटू भट्टाचार्य सतीश प्रेमचंदानी पंकज घोष और एनएमडीसी कर्मी पी एल फ्कलिहारी के साथ मिला इस तरह का कार्य से पूरे नगर में जनसेवक पार्षद वार्ड 13 के फिरोज नवाब का भूरि भूरि प्रशंसा हो रहा है।

### एर्राबोर में पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक,भाजपा जिलाध्यक्ष हुए शामिल



**सुकमा 6 जनवरी।** साथ में उपस्थित रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकमा नुपुर वैदिक , जिला मंत्री सेमल नरेश , भाजपा मंडल अध्यक्ष कोंटा सुभाष चतुर्वेदी जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री साईं रेड्डी जी, भाजपा मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता।

### मुठभेड़ में शहीद डीआरजी जवान को पुलिस लाइन कारली में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# नक्सलियों के खिलाफ आगे भी चलता रहेगा अभियान : पी. सुंदरराज

- माड़ इलाके में बड़े नक्सली लीडर के होने की मिली थी सूचना
- विधायक चैतराम अटामी, बस्तर आईजी पी.सुंदरराज, डीआईजी-कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ राकेश कुमार, कलेक्टर चतुर्वेदी ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि
- विधायक चैतराम ने शहीद जवान के काफिन को कांधा देकर वाहन तक पहुंचाया जवानों ने शहीद सन्नु कारम अमर रहे के लगाए नारे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 5 जनवरी।** दक्षिण अबूझमाड़ में बीते दो दिनों से माओवादियों के साथ चल रहे मुठभेड़ उपरांत मुठभेड़ स्थल से 4 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं साथ ही बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक हथियार भी जवानों ने रिकव्हर किया है। इस मुठभेड़ में डीआरजी का एक प्रधान आरक्षक सन्नु कारम भी शहीद हुआ है। सन्नु कारम भैरमगढ़ ब्लाक के तिम्मेनार गांव का रहने वाला था। पूर्व में यह नक्सली था बाद में सरेंडर कर एसपीओ में भर्ती हो गया था। शहीद जवान के पार्थिव शरीर को रविवार 5 जनवरी की दोपहर पुलिस लाइन कारली में लाया गया। इस दौरान शहीद जवान की पत्नि सुशीला समेत पूरा परिवार भी मौजुद था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम स्थल पर परिवार के लोग विलाप कर रहे थे जिन्हें महिला पुलिस के की जवान ढांढस बंधाती रहीं। पूर्व विधायक दंतेवाड़ा देवती कर्मा, सुलोचना कर्मा, पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता भी श्रद्धांजलि स्थल पर पहुंची और उन्होने भी शहीद की पत्नि व परिवार को ढांढस बंधाते उन्हें सांत्वना दी। शाम करीब 3 बजे शहीद जवान सन्नु कारम के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन कारली के मैदान में लाया गया जहां शहीद जवान को शस्त्र झुकाकर गार्ड आफ आनर दिया गया। तदोपरांत सभा स्थल पर उपस्थित अधिकारियों ने एक एककर शहीद जवान के ताबूत पर पुष्प गुच्छ चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सबसे पहले विधायक चैतराम अटामी ने श्रद्धासुमन अर्पित किया तदोपरांत पूर्व विधायक देवती कर्मा ने शहीद सन्नु कारम को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ राकेश कुमार, 111 वाहिनी के सीओ नीरज कुमार, कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सीआरपीएफ के असिस्टेंड कमांडेंट भुवेश कुमार ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित किया। पुलिस लाइन कारली के अन्य जवान, शहीद जवान के परिजन समेत उपस्थित अन्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी बारी बारी से श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि उपरांत शहीद जवान को अंतिम विदाई देते हुए शहीद के काफिन को वाहन तक पहुंचाया गया इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, आईपी पी सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप ने शहीन जवान को कांधा दिया। उपस्थित साथी जवानों ने सन्नु कारम अमर रहे के नारे बुलंद किए।

शहीद की पत्नि सुशीला श्रद्धांजलि देते वक्त ताबूत से लिपटकर रोने लगी- मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त डीआरजी के प्र0आर0 शहीद सन्नु कारम के श्रद्धांजलि सभा में जब सभी अधिकारी व जवान शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे उसी दौरान शहीद की पत्नि सुशीला कारम को श्रद्धांजलि देने ले जाया गया तो वह हाथों में पुष्पगुच्छ लेकर रोते हुए आगे बढ़ी और जैसे ही वह शहीद पति सन्नु के करीब पहुंची और आखरी बार अपने पति को श्रद्धांजलि के फूल अर्पित की और ताबूत से लिपटकर जोर जोर से विलाप करने लगी। सुशीला को सहारा देते साथ चल रही महिला जवान ने किसी तरह शहीद की पत्नि को सम्हाला और उसे वहां से वापस लेकर आई। यह दृश्य देख हर कोई गमगीन हो उठा।

जवान का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलियों के खात्मे तक चलेगा अभियान- विधायक चैतराम अटामी ने शहीद जवान को श्रद्धांसुमन अर्पित करने उपरांत मीडिया से मुखातिब होते कहा कि अमूझगाड में जवानों के साथ नक्सलियों की बड़ी मुठभेड़ हुई है। निश्चित तौर पर हमारा एक जवान शहीद हुआ है मगर हमारे वीर जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है ये हमारे वीर जवानों का शौर्य है। अटामी ने कहा कि बस्तर का कोई इलाका हो या माड का जब तक एक भी नक्सली मौजूद हैं लड़ाई जारी रहेगी। उन्होने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने 2026 तक नक्सलियों का समूल खात्मा होने की बात कही है। जिस तरह से हमारे जवान नक्सलियों के मांद में घुसकर उन्हें घेरकर मार रहे हैं इससे ऐसा लगता है कि जल्द ही हमारे जवान नक्सलियों पर पूरी तरह से काबू पा लेंगे। ये लड़ाई सत्य और असत्य की है निश्चित तौर पर सत्य की ही जीत होगी। शहीद जवान का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। विकास विरोधी नक्सली पुरी तरह से बैकफुट पर हैं।

श्रद्धांजलि उपरांत मीडिया से मुखातिब होते बस्तर आईजी पी. सुंदरराज ने मुठभेड़ के संबंध में बताया कि नारायणपुर व बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में बीते दो दिनों पूर्व हमें नक्सलियों के बड़े लीडरों के जमा होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर हमने दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर व कोंडागांव जिले के संयुक्त जवानों की टीम को अमूझमाड़ के क्षेत्र की ओर रवाना किया था। 04 जनवरी की शाम दक्षिण अबूझमाड इलाके में नक्सलियों व जवानों की मुठभेड़ हुई। कई घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद सर्चिंग करने पर मुठभेड़ स्थल से 4 माओवादियों का शव जवानों ने बरामद किया है जिसमें 2 महिला नक्सली की बॉडी भी शामिल है। वहीं घटना स्थल से ए.के.47, एसएलआर समेत बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक वेपन भी बरामद हुए हैं। मुठभेड में हमारा एक डीआरजी का जवान प्र0आरक्षक सन्नु कारम की भी शहादत हुई है। आईजी सुंदरराज ने कहा कि अभी भी उस क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। उम्मीद है सर्च आपरेशन पूर्ण होने उपरांत कुछ और सकारात्मक जानकारी हमें उपलब्ध होगी जिसके बाद मीडिया को भी अपडेट कराया जाएगा। मृत चारों नक्सलियों की पहचान की जा रही है उसकी भी डिटेल्स बाद में साझा कर दी जाएगी। आईजी ने बताया कि जहां मुठभेड़ हुई है उस क्षेत्र में कई बड़े स्तर के नक्सलियों के होने की जानकारी हमें मिली थी जिसके आधार पर ही फोर्स को वहां रवाना किया गया था। सर्चिंग अभियान पूर्ण होने के बाद ही और क्या कुछ मुठभेड़ स्थल से मिला है पूरी जानकारी हम बाद में बता पाएंगे। शहीद जवान सन्नु कारम के संबंध में आईजी ने कहा कि सन्नु कारम पूर्व में नक्सली था। वर्ष 2018 में समर्पण कर मुख्य धारा में लौट आया था बाद में सन्नु एसपीओ में भर्ती हुआ था जिसके बाद अभी वह डीआरजी में प्रधान आरक्षक की जिम्मेदारी सम्हाल रहा था। उन्होने अंत में कहा कि एक जवान का नुकसान भी हमारे लिए बड़ी क्षति है। हमारे जवान पुरी तरह से नक्सलियों के समूल खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

## समाचार संक्षेप

## संतोष गुप्ता दंतेवाड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष निर्वाचित



- विधायक अटामी व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 6 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के तहत चल रहे संगठनात्मक चुनाव के तहत प्रदेश भाजपा संगठन ने लगभग छत्?तीसगढ़ में आखिरकार बीजेपी संगठन के लगभग सभी जिलों के जिलाध्?यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इसको लेकर पिछले दिनों दिल्?ली में बैठक आयोजित की गई थी। जहां बंद लिफाफे में हर जिले से तीन दावेदारों के नाम भेजे गए थे। दिल्?ली में बीजेपी हाई कमान की बैठक में मंथन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश के बीजेपी जिलाध्?यक्षों की बंद लिफाफे में नाम तय कर दिल्?ली से भेज दिए गए हैं।अब संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव पर्वेक्षक व चुनाव अधिकारी हर जिले में जाकर जिलाध्यक्ष को उनको मिलने वाली नई जिम्?मेदारी के बारे में सूचना देकर लिफाफा खोल रहे हैं।दंतेवाड़ा जिले की बात करें तो वर्तमान जिला महामंत्री व पूर्व जिला मंत्री संतोष गुप्ता के नाम पर संगठन ने अंतिम मुहर लगा दी है, दंतेवाड़ा के जिला चुनाव पर्वेक्षक अशोक बजाज एवं जिला चुनाव अधिकारी, पूर्व विधायक बैदु राम कश्यप ने भाजपा जिला कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में लिफाफा खोलकर किया संतोष गुप्ता के नाम का ऐलान।दंतेवाड़ा के



भाजपा जिला कार्यालय में पूरी प्रक्रिया के तहत यह कार्य किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी समेत उपस्थित कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता को बधाई दी।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा मैं शीर्ष नेतृत्व समेत सभी संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ।भाजपा में रहकर कार्यकर्ता के रूप में कार्य करना मेरे लिए गर्व का विषय है, भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां साधारण कार्यकर्ता बूथ से लेकर उच्चतम पद तक पहुंच कर स्थापित हो सकता है, आगे संगठन से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे उस पर पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी और संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर



**तिल्दा नेवरा, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कर्मचारी भवन, तिल्दा में छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ एवं छ.ग. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह में मंत्री टंक राम वर्मा सम्मिलित हुए।



**तिल्दा नेवरा, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका कार्यालय परिसर तिल्दा-नेवरा में 615.37 लाख रु. के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 102.61 लाख रु के तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष लेमिशा गुरु, अनिल अग्रवाल सहित पार्षद ओर कर्मचारी उपस्थित थे।

### अलग-अलग क्षेत्र से 5 दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 6 जनवरी।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने 5 दोपहिया वाहहन पार कर दिया। सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शांति विहार कालोनी डगनिया निवासी प्रार्थी ओम चंद्राकर 17 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमजेड 9877 को पचपेड़ीनाका स्थित धीरेन्द्र कोचिंग क्लास के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में टाटीबंध निवासी छोटेलाल सिंह 32 वर्ष ने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 टीके 1420 को मेकाहारा गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह सेक्टर 1 देवेन्द्र नगर निवासी आशीष साहू 25 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बुलेट वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएच 8327 को मेकाहारा चीरघर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बुलेट की कीमत 24 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं रावणभाठा मंदिरहसौद निवासी मनीष कुमार साहू 31 वर्ष ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 1029 को ग्राम नकटा के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### और कितने पत्रकारों की कब्रगाह बनेगा छत्तीसगढ़

# मुकेश की हत्या को लेकर पत्रकारों में रोष

- गरियाबंद जिले के छुरा नगर के पत्रकार उमेश राजपूत की 2011 में हुई हत्या है जीता जागता उदाहरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 जनवरी।** एक बार फिर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर दबंगों ने कायराना घात कर बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या कर दी गई है। जिसके बाद पूरे प्रदेश भर के पत्रकारो में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है है। आखिर कब तक ऐसे पत्रकारों की हत्या होती रहेगी और कानूनी कार्यवाही के बाद सरकार और प्रशासन शांत बैठते रहेंगे, छत्तीसगढ़ में पुर्व में भी ऐसे कई पत्रकारों के हत्या के मामले सामने आए हैं लेकिन सरकार इसे लेकर कब गंभीर होगी यह बड़ा सवाल है। क्या सरकार और प्रशासन पत्रकारों को सुरक्षा देने में असफल हो रही है? पत्रकार कानून को सही तरीके से लागू नहीं कर पा रही है? पुर्व में हुए पत्रकारों की हत्या में अपराधियों को सजा दिलाने में असफल नजर आ रही है? आखिर पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम कब उठा पाएगी यह बड़ा गंभीर और सोचनीय विषय प्रतीत होता है और हमें कितने पत्रकारों की कब्रगाह का इंतजार करना होगा?

वहीं इस घटना को लेकर गरियाबंद जिले के छुरा क्षेत्र के पत्रकारों ने भी दुखद संवेदना व्यक्त करते हुए नगर के तिरंगा चौक में केंडल जलाकर स्वर्गीय पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित की, इस दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र तिवारी, संतोष जैन और समद खान के नेतृत्व में स्थानीय पत्रकार कुलेश्वर सिन्हा, प्रकाश कुमार यादव, परमेश्वर राजपूत, यामिनी चंद्राकर, उज्जवल जैन, इमरान मेमन, मेष नन्दन पांडेय ने संयुक्त रुप से थाना प्रभारी छुरा को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम छुरा थाने पहुंच लिखित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पत्रकारों ने मांग की है कि यह इस समय छत्तीसगढ़ के पत्रकार स्वतंत्र रूप से अपनी कलम नहीं चला पा रहें। आये दिनों छत्तीसगढ़ में कई क्षेत्रों में पत्रकारों की कलम को रोकने का प्रयास प्रशासनिक, अधिकारिक, ठेकेदार, भूमाफिया, शराब माफिया अन्य असमाजिक तत्वों के द्वारा हर स्तर पर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से डराने और दबाने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसने अपनी कलम नहीं रोकी तो अनैतिक कृत्य कर उसे इस दुनिया से विदा कर दिया जाता है जिसका गरियाबंद जिले के छुरा नगर के पत्रकार उमेश राजपूत की 2011 में हुई हत्या जीता जागता उदाहरण है। या उसके साथ कोई न कोई अन्य बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है।

आपको ज्ञात होगा कि बीजापुर में ही स्वतंत्र पत्रकारिता करने वाले प्रख्यात युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर दी गई है, उनका सिर्फ इतना ही कसूर था कि वो सच्चाई के साथ अपनी बातों को समाज और देश के सामने रखते थे। जिसकी सजा उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पत्रकारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर की हत्या में शामिल हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाये साथ ही उन पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनके सम्पत्ति को कुर्क करके पत्रकार साथी के परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की करने के साथ अपराधियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए, साथ ही दिवंगत पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकार को शहीद का दर्जा दिया जाए।

स्थानीय सूत्रों की मानें तो संदेही हत्यारे ठेकदारों के नाम पर बीजापुर का कोई अधिकारी जो ठेकेदारी के रैकेट का संचालन करते थे, उन्होंने तीन दिनों तक मरहूम पत्रकार के परिजनों और पत्रकारों को वास्तविकता से दूर रखा और हत्यारों को सुरक्षित बाहर जाने का अवसर भी प्रदान किया। इस बात की निष्पक्ष जांच कराई जाए, वहीं इस हत्याकांड का खुलासा वहां के स्थानीय पत्रकारों की सक्रियता के चलते ही इतना जल्द हो पाया है। इसके अलावा प्रदेश में अविलंब ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग भी की गई है।

बीजापुर की घटना लेकर छुरा के पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रकरण चला कर जल्दी से जल्दी फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

## शीघ्र होगी भाजपा व कांग्रेस में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 दिसंबर।** इसी सप्ताह भाजपा का नया जिलाध्यक्ष मिल जायेगा इसको लेकर आम राय बन चुकी है जिला भाजपा अध्यक्ष की होड मे वर्तमान समय मे सबसे आगे जो नाम चल रहा है उसमे सिमगा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष आनंद यादव का नाम सबसे आगे है और वे मंत्री सहित, सांसद, संगठन के नेताओ की पहली पसंद हैं, वहीं भाजपा सूत्रो का कहना है कि इस बार यह पद भाटापारा विधानसभा के सिमगा क्षेत्र से मिलने की प्रबल संभावना है यादव चूकिं मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अलावा पूर्व सांसद व विधायक सुनील सोनी से भी निकटता है। इसके अलावा वे मूल रूप से बलौदाबाजार विधानसभा के हथबंद के निवासी है वहीं युवा होने के साथ उनकी कार्यशैली सभी धडो को साथ लेकर चलने की संभावना को देखते हुए अध्यक्ष बनने मे कोई परेशानी नही होगी।

दूसरी ओर कांग्रेस मे जिलाध्यक्ष को लेकर भी यही संभावना है 10 जनवरी तक इसकी भी लिस्ट जारी हो सकती है वहीं मौजूदा अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर पूर्व सी.एम. भूपेश बघेल पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया के प्रयास से पुनः अध्यक्ष बनने के लिए लगे हुए है क्योकि जब भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे उस समय उनके भाटापारा प्रवास के दौरान उनके साथ दिखे, वहीं दूसरी ओर सुनील माहेश्वरी भी प्रदेश के आला नेताओं को साधकर अपनी ठोस दावेदारी जिलाध्यक्ष पद के लिए ठोक दी है।



**तिल्दा-नेवरा, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम सरोरा में महतारी सदन, शीतला मंदिर प्रांगण, सामुदायिक भवन एवं शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन किया तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने ग्रामीण जनों को बधाई दी।

### अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदार दे रहे हैं घटिया निर्माण कार्य को अंजाम

# उदासीनता से अंचल में अधूरी पड़ी हैं कई जल परियोजनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 5 जनवरी।** छुरा अंचल मे जल संसाधन विभाग के कई सिचाई परियोजना अधूरा पड़ा है जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के संरक्षण मे ठेकेदार मलाई खा रहे है इधर अंचल के किसान इन परियोजनाओं के पूर्ण होने का इंतजार करते थक चुके है सरकार द्वारा किसानो के खेतो तक पानी पहुंचाने हर साल करोड़ो रूपये का बजट देकर कर बांध स्टाप डेम केनाल कि स्वीकृति प्रदान करती है लेकिन विभाग के अधिकारियो को किसानो कि कोई चिंता नहीं है इसलिये अंचल कि कई परियोजना आधे अधूरे व घटिया निर्माण कि भेट चढ़ गई है।

अंचल मे जल संसाधन विभाग के अधिकारियो ने विभाग मे कार्य कर रहे ठेकेदारो को भ्रष्टाचार कि खुली छूट दे रखी है इसी छूट का ठेकेदार जमकर फायदा उठाकर खुलेआम घटिया निर्माण को अंजाम देने मे लगे है जिसका जीता जागता उदहारण छुरा विकासखंड के ग्राम बोइरगांव मे जल संसाधन विभाग द्वारा 2 करोड़ 57 लाख के लागत से बन रहे नहर नाली व तटबंध खुद ही भ्रष्टाचार कि कहानी बया कर रहे है विभाग के अधिकारियो के साथ साथगाँठ कर ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है हालांकि विभाग मे पदस्थ एस. डी. ओ. ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे कार्य को गुणवत्तापूर्ण बता रहे है लेकिन ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे कार्य अपनी भ्रष्टाचार कि कहानी खुद ही बया कर रहे है ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे है कार्य कि गति भी काफी धीमी गति से चल रहा है जिसको लेकर अंचल के किसान काफी आक्रोषित है किसानो का कहना है कि ठेकेदार द्वारा स्वीकृत कार्य का निर्माण अपनी मनमर्जी से किया जा रहा है ठेकेदार को निर्माण कार्य 5 अक्टूबर 2023 को शुरू किया गया था 10 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण करना था लेकिन ठेकेदार द्वारा अभी तक 50 प्रतिशत भी कार्य नहीं किया गया है और जितना कार्य ठेकेदार द्वारा किया गया है उसमे भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है, कई किलोमीटर लम्बी केनाल निर्माण कंक्रीट कार्य को ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा ढलाई कर छोड़ दिया गया है जो अब बनने से पहले ही टूटने लगा है जिसको लेकर किसानो ने नाराजगी व्यक्त किया है ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण कार्य कि शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव से करने कि बात कही है,

### निर्माण स्थल से लागत बोर्ड गायब

बोईरगांव मे चल रहे नहर नाली निर्माण व तटबंध निर्माण स्थल मे लागत बोर्ड नहीं लगाया गया है।

जबकि शासन के नियमानुसार हर शासकीय कार्य के निर्माण स्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पहले सुचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है!

### मुख्यालय में नहीं रहते अधिकारी

जल संसाधन छुरा मे पदस्थ एस. डी.ओ. और इंजिनियर छुरा मुख्यालय मे नहीं रहते एस. डी. ओ. साहब रायपुर मे निवास करते है वे कभी कभी आफिस व क्षेत्र मे नजर आते है जिसका भरपूर फायदा जल संसाधन विभाग मे कार्य करने वाले ठेकेदार उठाते है!

# नगर निगमों के महापौरों का आरक्षण होगा सात को

## दीनदयाल ऑडिटोरियम में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए होगी आरक्षण की व्यवस्था, जिसमें बैठेंगे कलेक्टर

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 6 जनवरी।** नगरीय निकाय शासन द्वारा प्रदेश के सभी नगर निगम के महापौरों एवं नगर पालिका व पंचायत के अध्यक्षों का आरक्षण कल सात जनवरी को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग नगरीय निकाय चुनाव फरवरी माह में कराना चाहता है इसलिए 14 जनवरी को एसपी एवं कलेक्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इसके पश्चात 16 जनवरी के आसपास आचार संहिता लागू हो जाएगी।

प्रदेश शासन के नगरीय निकाय विभाग के ओएसडी पुलक भट्टाचार्य ने बताया कि प्रदेश में कुल 14 नगर गिनम है। वहीं नगर पंचायत और नगर पालिका को मिलाकर 192 नगरीय निकाय हैं। ओएसडी ने बताया कि बीरगांव, रिसाली, भिलाई के लिए भी महापौरों का आरक्षण होगा जबकि यहां पर डेढ़ साल बाद चुनाव होना है। कलेक्टर एवं नगरीय निकाय विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्य किया जाएगा। शासन द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में नगर निगम के वार्डों तथा नगर पालिका एवं नगर




पंचायत के पार्षदों का आरक्षण कर दिया गया है। इसके पश्चात यहां पर चुनावी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राजनीतिक दलों ने अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है लेकिन दावेदारों ने अब चुनाव कार्यालय तथा मोहल्लों में लोगों से मिलना-जुलना शुरू कर दिया है। जिसके चलते प्रत्येक वार्ड में चुनाव का माहौल बनते जा रहा है।

पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित वार्डों में पिछड़ी जातियों के समाज के नेता अपने-अपने जाति व वर्ग के लोगों को चुनाव लड़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके अलावा कई महत्वाकांक्षी दावेदार स्वतंत्र चुनाव लड़ने के लिए अपना दावा कर रहे हैं। परिसीमन के बाद विभिन्न वार्डों की स्थितियां बदल गई है। पूर्व महापौर का वार्ड महिला के लिए आरक्षित हो गया है। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष का वार्ड भी ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इसके अलावा कई पुराने पार्षदों के वार्डों की स्थिति बदल गई है जिसके चलते कई पूर्व पार्षद अपनी राजनीतिक जमीन तलाश कर रहे हैं।

### राजनीतिक हलचल तेज

कांग्रेस के प्रवक्ता के अनुसार कांग्रेस में महापौरों एवं अध्यक्ष के प्रत्याशी चयन के लिए एक कमेटी बनाई जा रही है जो कि पार्टी कार्यकर्ताओं के दीर्घ अनुभव एवं धन खर्च करने के आधार पर ही टिकिट दिया जाएगा। भाजपा ने भी प्रत्याशियों के चयन के लिए वार्डवार बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी ली है। इसी के आधार पर टिकिट दी जाएगी। भाजपा संगठन ने जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर को बनाए जाने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पसंदीदा व्यक्ति को ही टिकिट किए जाने की चर्चा है। महापौरों का आरक्षण भी सामान्य, अनुसूचित जाति व जनजाति, महिला एवं पिछड़ा महिला के लिए आरक्षित होगा। नगरीय निकाय के ओएसडी पुलक भट्टाचार्य ने बताया कि महापौरों, नगर पालिका एवं पंचायतों के अध्यक्षों के लिए आरक्षण की तिथि तय है इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। ज्ञात रहे पूर्व में दिसम्बर माह में आरक्षण की व्यवस्था के लिए तिथि घोषित कर दी गई थी जिसे आगे बढ़ाया गया था। आयोग के निर्देशानुसार 15 जनवरी को नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### 14 व 15 को एसपी-कलेक्टरों की बैठक लेगा आयोग

चुनाव आयोग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षण के पश्चात चुनाव की तिथियां घोषित करने के पूर्व कलेक्टर और एसपी की बैठक बुलाई जाएगी। विशेषकर बस्तर के नक्सल प्रभावित जिलों में यही स्थिति है। कलेक्टर और एसपी की रिपोर्ट मिलने के बाद चुनाव के लिए आचार संहिता तथा तिथियों की घोषणा किए जाने की संभावना है।

### नगर निगम में कामकाज संभालेंगे प्रशासक

प्रदेश में जिन-जिन महापौरों का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त हो गया है वहां अब प्रशासक बिठा दिया गया है। नगर पालिका व पंचायतों में क्रमशः एसडीएम एवं तहसीलदार को प्रभारी बनाया जा रहा है। पुलक भट्टाचार्य के अनुसार यह काम चरणबद्ध ढंग से होगा। यानि कि जिस-जिस निवार्चित जनप्रतिनिधि सभा का कार्यकाल समाप्त होता जाएगा वैसे-वैसे वहां पर एसडीएम एवं तहसीलदारों को बतौर प्रशासक बिठा दिया जाएगा।

# निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कांग्रेस को दी चुनौती

**रायपुर, 6 जनवरी।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने पत्रकार वार्ता लेकर कहा कि नगर निगम का मूल कार्य जनता को व्यवस्थित शहर, पानी, सफाई और बिजली देना होता है। महापौर इन सभी क्षेत्रों में नाकाम रहे। शहर में ना तो विकास हुआ और ना ही जनता को मूलभूत सुविधाएं मिल पायी 2019-20 से लेकर 2023-24 तक केंद्र सरकार के द्वारा 1254 करोड़ 36 लाख 44 हजार रुपए नगर निगम को मिले। जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सफाई के लिए 74 करोड़ 60 लख रुपए मिले। पैसों का सही प्रबंधन करने में महापौर नाकामयाब रहे। परिणाम स्वरूप जनता को असुविधाओं का सामना करना पड़ा करोड़ों रुपए पेयजल योजना के लिए दिए गए जनता पेयजल के लिए तरसते रहे।

उन्होंने कहा महापौर एजाज ढेबर का पांच वर्ष का कार्यकाल अत्यंत निराशाजनक रहा। और वह फिसड्डी महापौर साबित हुए। राजधानी के अनुरूप विकास कार्य शुन्य हुए। रायपुर शहर की जनता को एक भी सौगात वे नहीं दे पाए। पांच वर्ष का कार्यकाल उनको मिला जिसमें वे अपनी एक भी उपलब्धि नहीं गिना सकते। बार-बार बूढ़ा तालाब सौन्दर्यीकरण की वे बात करते हैं। वहां प्रवेश द्वार से लेकर



फव्वारे तक सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। करोड़ों रुपए के फव्वारे जनता देखने को तरस गई, प्रारंभ से ही फव्वारे बंद रहे, करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये।

गोल बाजार के नाम पर व्यवसाईयों को सब्जबाग दिखाए गए मगर योजना को फलीभूत करने में नाकाम रहे। करोड़ों रुपए जवाहर बाजार में खर्च किया गया और आज भी व्यवसायी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं । मल्टीलेवल पार्किंग की दुर्दशा ही गई है। शहर में उद्यानों का व्यवसायीकरण कर दिया गया। यूथ हब के नाम पर नौजवानों से धोखा किया गया। शहर में बिना टेंडर के काम करवाए गए। डिवाइडर घोटाला इसका उदाहरण है। जनता की गाड़ी कमाई से जनता के लिए बनाए गए भवन को निजी संस्था को हस्तांतरित कर दिया गया और हस्तांतरण के पश्चात करोड़ों रुपए के ऐसो आराम का सामान निगम के कोष से लगवाए गए। बिना किसी प्लानिंग के मावली माता मंदिर का निर्माण की घोषणा की और जनता को धोखा दिया। सफाई कर्मचारियों को रोजाना नाश्ता वितरण की झूठी बातें कही। रायपुर में मिनी मेट्रो ट्रेन की झूठी बातें कहीं।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों रुपए केंद्र सरकार ने दिए मगर राज्यांश नहीं मिलने के कारण गरीबों को मकान नहीं मिल पाया। देश के गिने-चुने शहरों में दो स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट चलते थे महापौर एजाज ढेबर की नाकामियों के कारण नया रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट रायपुर से छिन गया। कुल मिलाकर महापौर का कार्यकाल झूठ से आरंभ होकर झूठ में ही समाप्त हो गया। ना तो वह विकास कर पाए और ना ही जनता को सफाई, बिजली, पानी दे पाए। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने चुनौती देते हुए कहा कि आगामी निगम चुनाव में अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो अगला नगर निगम चुनाव वर्तमान महापौर के कार्यों के आधार पर लड़कर दिखाएं। वार्ता में भाजपा मीडिया सह प्रभारी दाऊ अनुराग अग्रवाल ,पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे भी उपस्थित थे।



रायपुर, 6 जनवरी।राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव श्री दिनेश शर्मा ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी और श्री डेका ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### जमीन बंटवारे के नाम पर ठगी चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 6 जनवरी ।** फर्जी तलाकनामा तैयार कर जमीन बंटवारा का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बुसरा सरीफ 45 वर्ष अमलतास पुरम कालोनी धमतरी की रहने वाली है। प्रार्थिया के पति के मौत के बाद उसके दुबे कालोनी मोवा वाले जमीन का बंटवारा के लिए आरोपी नूर बेगम, आशीष सिंदे, दादुल साहू व आयशा सिद्दकी ने फर्जी तलाकनामा तैयार करवा लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को चली तो उसने इसकी शिकायत मोवा थाना में की। मामले में मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 6 जनवरी ।** राजधानी रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार रोहिणीपुरम डीडीनगर निवासी सौरव चाफेकर 42 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 2399 को अपने साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम बहेरापाल निवासी मुकेश कुमार 30 वर्ष ने गोबरानवापारा थाना में शिकायत किया वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएल 9170 को ग्राम कर्रा के नहर नाली के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह प्रोफेसर कालोनी निवासी रेखेन्द्र कुमार शर्मा 36 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएच 9839 को लालपुर स्थित यूनियन बैंक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 6 जनवरी ।** न्यूज चैनल के वरिष्ठ पत्रकार संदीप शुक्ला को गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी नरेशचन्द्र देवनाग को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि संदीप शुक्ला, जो एक न्यूज चैनल में वरिष्ठ पत्रकार हैं, ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 1 जनवरी 2025 को वे और उनका टीम धमतरी जिले के बोराई गांव में वन विभाग के नाके पर कवरेज कर रहे थे, जिसमें अवैध वसूली से संबंधित खबर प्रसारित की थी। इसके बाद, 3 जनवरी 2025 को रात्रि 8:30 बजे के आसपास संदीप शुक्ला के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर अश्लील गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। संदीप शुक्ला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया और आरोपित की तलाश शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी नरेशचन्द्र देवनाग 57 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### युवक पर किया प्राणघातक हमला, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 6 जनवरी।** मुड़धवा खार ग्राम रायता में दो युवकों ने हत्या का प्रयास करते हुए युवक के सिर पर सब्बल से मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र कुमार 34 वर्ष ग्राम रायता का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने मुड़धवा खार में खंबा गाड़ रहा था, तभी आरोपी दशरथ धृतलहरे व एक अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और हत्या के नियत से सिर पर शब्बल से वार कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें : सीजीएम

**रायपुर, 6 जनवरी।** जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के निर्देश पर एवं सुख्नचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात के मार्ग दर्शन एवं सतानंद विध्यराज के नेतृत्व में आम नागरिको और सडक उपयोगकर्ताओं को सडक सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के बारे में जागरूक करने के लिए सडक सुरक्षा माह 2025 का आयोजन दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन अलग अलग विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालको को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों को स्वागत उद्बोधन पश्चात यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सडक सुरक्षा माह के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि सडक दुर्घटनाएं हमारी एक छोटी सी भूल से होती है।

# छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया होंगे बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष

**रायपुर, 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व कर चुके प्रभतेज सिंह भाटिया को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है। प्रभतेज सिंह भाटिया बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष बनने जा रहे हैं। शनिवार (4 जनवरी) इस पद के लिए आवेदन की आखिरी तारीख थी, जिसमें एक मात्र आवेदन प्रभतेज सिंह भाटिया की ओर से आया है। ऐसे में 12 जनवरी को मुंबई में होने वाली बैठक में प्रभतेज को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नए कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध चुना जाना तय है। इसी दिन औपचारिक रूप से बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष की घोषणा भी की जाएगी। यह पहली बार है जब सीएसीएस का कोई प्रतिनिधि बीसीसीआई में इतनी बड़ी जिम्मेदारी निभाएगा।

बता दें कि बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष बनने के बाद प्रभतेज सिंह भाटिया सितंबर 2025 तक अपना पद संभालेंगे, इसके बाद वे फिर से चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, प्रत्येक अधिकारी का कार्यकाल तीन वर्षों का होता है और वे लगातार तीन बार इस पद पर रह सकते हैं। प्रत्येक कार्यकाल के बीच तीन वर्षों का अनिवार्य कूलिंग-ऑफ पीरियड भी होता है। साल 1991 में रायपुर में जन्मे प्रभतेज सिंह भाटिया राज्य के दिग्गज उद्योगपति और समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया के बेटे हैं। दोनों में ही क्रिकेट के प्रति काफी जूनून है, यही वजह है कि उन्होंने राज्य क्रिकेट को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। प्रभतेज सिंह के पिता बलदेव सिंह भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। प्रभतेज ने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला से प्राप्त की। इसके बाद यूनाइटेड किंगडम स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में फाइनेंस का कोर्स किया है।

# भाजपा जिला अध्यक्षों की दूसरे दिन भी नियुक्ति जारी

**रायपुर 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में लगातार दूसरे दिन भाजपा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जारी है. खबर लिखे जाने तक चार जिला अध्यक्षों के नामों का ऐलान किया गया है. रविवार को 15 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी. वहीं आज गरियाबंद जिला अध्यक्ष की भी घोषणा कर दी गई है. अनिल चंद्राकर को गरियाबंद जिला अध्यक्ष बनाया गया है. भाजपा नवीन कार्यालय में भाजपा चुनाव संगठन प्रभारी श्री चंद सुंदरानी ने प्रदेश मंत्री किशोर महानंद की मौजूदगी में नाम की घोषणा की गई. इस दौरान विधायक रोहित साहू, जिले के सभी मंडल के पदाधिकारियों के अलावा जिले के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. भारत सिंह सिसोदिया को सरगुजा बीजेपी का जिला अध्यक्ष बनाया गया है. पूर्व में भारत सिंह सिसोदिया किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रह चुके है. वे भाजपा के कार्य समिति सदस्य रह चुके हैं. इसके अलावा भारत सिसोदिया जशपुर के जिला प्रभारी रह चुके है. सरगुजा और




गरियाबंद के साथ महासमुंद जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है. एतराम साहू को महासमुंद का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है. संगठन के जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने जिला भाजपा कार्यालय मे घोषणा की है. बता दें कि एतराम साहू संगठन मे मीडिया प्रभारी एवं स्काउट एंड गाइड के जिला अध्यक्ष रह चुके है.

वहीं जांजगीर जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी टिकेश्वर गवेल को दी गई है. वर्तमान में टिकेश्वर जिला महामंत्री भाजपा का दावित्व संभाल रहे हैं. पूर्व में वह भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री रह चुके हैं।

### पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बसों की चेकिंग की गई

**रायपुर, 6 जनवरी।** 5 जनवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में परिवहन उप निरीक्षक श्रीमति प्रभा तिवारी एवं परिवहन स्टॉफ एवं यातायात पुलिस उनि अनिल तिवारी, प्र.आर. हेमराय चन्द्रवंशी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से 95 स्कूली बसों का भौतिक सत्यापन एवं दस्तावेज चेकिंग किया गया।

# कांग्रेस का पत्रकार के हत्यारे से ये कैसा मोह : पंकज झा

**रायपुर, 6 जनवरी ।** सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने एक पोस्ट कर कहा है कि, सुरेश चंद्रकार गिरफ्तार। प्रियंका गांधीजी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ इकाई को निर्देशित करें कि अब भी कम से कम वह अपने नेता को कांग्रेस से निष्कासित कर दे। बस्तर की आवाज मुकेश चंद्रकार जी का हत्यारा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चंद्रकार हैदराबाद से गिरफ्तार। बधाई छत्तीसगढ़। कम से कम अब भी हत्यारे को पार्टी से निकाल दीजिये कृपया दीपक बैज जी। क्या मोह है इस हत्यारे से, यह समझ नहीं आ रहा। कृपया आप निर्देशित करें कि वे हत्यारे को कांग्रेस से निकालने के लिए पहल करें। एक दोस्ताना शिकायत मीडिया के साथियों से भी है। समूचे आदर के साथ कहना चाहूँगा। सोचिए जरा। अगर कोई अपराध हो और दुर्योग से अगर वह आरोपी के किसी मण्डल (ब्लॉक) के किसी एक प्रकोष्ठ का कोई सदस्य भी निकल जाय, तो लगातार लिखा जाता है - भाजपा नेता गिरफ्तार। आरोपी



भाजपा नेता था आदि-आदि। किंतुज किंतु एक बर्बर अपराध में, पत्रकार मुकेश चंद्रकार जी की नृशंस हत्या में कांग्रेस का एक बड़ा नेता शामिल है, गिरफ्तार भी हो गया वह, नेता कहने में आप संकोच क्यों कर रहे? मैंने किसी समाचार में यह शीर्षक नहीं देखा कि कांग्रेस नेता हत्यारा आदि। समाचार कैसे लगाना है, यह आपका विशेषाधिकार-विवेकाधिकार है, परंतु एक पाठक-दर्शक के नाते यह प्रश्न उठाना अपना भी अधिकार तो हो हो सकता है? उसी नाते यह निवेदन किया है, कृपया अन्यथा नहीं लेंगे।

# मंदिरों से मूर्ति चोरी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 6 जनवरी।** विवरण - प्रार्थी लाला राम साहू ने थाना अभनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम बिरोदा में रहता है तथा बिरोदा मोड पानी टंकी के पास स्थित हनुमान मंदिर में प्रार्थी सहित गांव के अन्य लोगों द्वारा सुबह शाम आरती पूजा-पाठ किया जाता है। दिनांक 03.12.2024 की रात्रि 08.00 बजे से 10.00 बजे के मध्य कोलर निवासी अज्जू साहू ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि बिरोदा मोड के पास हनुमान मंदिर में हनुमान जी का मूर्ति नहीं है, तब प्रार्थी, सरपंच एवं अन्य ग्रामवासी जाकर देखें तो हनुमान मंदिर में हनुमान जी का मूर्ति नहीं था। कोई अज्ञात चोर हनुमान जी का मर्ति व उसमें लगा चांदी का आंख को चोरी कर ले गया, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 431/24 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर कर्ण कुमार उके, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी अभनपुर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित अन्य ग्राम वासियों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया। प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा अज्ञात आरोपी की पहचान टिकरापारा निवासी सुरेन्द्र कुर्रे के रूप में करते हुये उसकी पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी सुरेन्द्र कुर्रे द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाओं को अंजाम देना बताया गया। मूर्ति चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिरदा के शीतला तालाब पार एवं नरैया तालाब पास स्थित शिव मंदिरों से शिवलिंग चोरी करना बताया गया। विधानसभा क्षेत्र से चोरी किये गये शिवलिंग में आरोपियों के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 550/24 एवं 746/24 धारा 298, 303(2) बी.एन.एस. का अपराध दर्ज है।

# आईआईएम रायपुर का असम प्रतिनिधियों के साथ युवा संगम चरण 5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सफल समापन

**रायपुर, 6 जनवरी ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर द्वारा आयोजित और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम चरण 5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का पांच दिवसीय आयोजन सफलता के साथ संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में असम के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और धरोहर से जुड़ने और सीखने का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। मड़ई ऑडिटोरियम, आईआईएम रायपुर में आयोजित समापन सत्र में छत्तीसगढ़ के सबसे युवा सांसद और पूर्व लोकसभा सदस्य श्री अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने छात्रों को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलकर अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जब भी जीवन आपको अपनी सीमाओं से परे जाने का अवसर दे - बौद्धिक रूप से या शारीरिक रूप से - इसे स्वीकार करें। ऐसे अनुभव आपके व्यक्तित्व में अद्भुत आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं, और वह परिवर्तन अनमोल होता है। उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु और खुले विचारों वाला बने रहने की सलाह दी और जोड़ा, हमेशा अपने अनुभवों पर चिंतन करने का समय निकालें, क्योंकि ये चिंतन आपको अपने बारे में कुछ नया सिखाएंगे और आपको विकसित होने में मदद करेंगे।

समापन सत्र में असम के प्रतिनिधियों द्वारा एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसमें राज्य की समृद्ध परंपराओं और समुदाय की झलक देखने को मिली। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का एक अनोखा अवसर बताया। एक प्रतिनिधि ने कहा, हमारे कॉलेज में, हम ज्यादातर सैद्धांतिक अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। युवा संगम ने मुझे यह सिखाया कि ये अवधारणाएँ वास्तविक दुनिया के पर्यावरण और वन्य जीवन में कैसे काम करती हैं। साथ ही, इसने मुझे असम के विभिन्न जिलों के लोगों से जुड़ने और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और धरोहर को करीब से जानने का मौका दिया। दूसरी प्रतिभागी ने कहा, सिरपुर और भिलाई स्टील प्लांट का दौरा मेरे जीवन के सबसे अच्छे अनुभवों में से एक था।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26